भोपाल, सोमवार
24 मार्च 2025
दैनिक मध्य स्वर्णिम
सच्ची ख़बर, सबकी ख़बर...
यह क्यूआर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर...
Scan QR Code to Read ePaper
www.madhyaswarnim.com
वर्ष - 12 अंक-207 पृष्ठ-08 मूल्य-₹02

## @ख़बर संक्षेप

### हम भगत सिंह और बाबा साहब आंबेडकर को अपना आदर्श मानते हैं: केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम भगत सिंह और बाबा साहब आंबेडकर को अपना आदर्श मानते हैं। हमारे घर और दिल्ली और पंजाब सरकार के हर दफ्तर में इनकी तस्वीरें लगी हुई हैं। दिल्ली में नई सरकार ने सबसे पहला काम ये किया कि इनकी तस्वीरें हटा दीं।



केजरीवाल ने कहा, 'हम इंतजार कर रहे थे कि भाजपा महिलाओं को 2500 रुपये देने का एलान करे, लेकिन उन्होंने भगत सिंह और बाबा साहब की तस्वीरें हटाकर पहले अपने नेताओं की तस्वीरें लगा दीं। जब हमने इन दोनों की तस्वीरें लगाईं तो कांग्रेस ने विरोध किया कि गांधी जी की तस्वीर नहीं लगाई गई, लेकिन जब भाजपा ने इन दोनों की तस्वीरें हटाईं तो कांग्रेस ने कुछ नहीं कहा। इन दोनों (भाजपा और कांग्रेस) के बीच मिलीभगत है।

### वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों की संपत्ति हड़पने के लिए नहीं: रिजिजू

**नई दिल्ली।** भारतीय हिमालयी नालंदा बौद्ध परंपरा परिषद (आईएचसीएनबीटी) की पहली आम सभा नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। इस सभा में बौद्ध धर्म से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश बुद्ध की भूमि है और पूरी दुनिया इसे बुद्ध की भूमि के रूप में जानती है। एक महान राष्ट्र के रूप में मोदी सरकार ने नालंदा परंपरा को संरक्षित करने की दिशा में अहम कदम उठाए हैं। भारत ने बौद्ध धर्म के जरिए से पूरी दुनिया में शांति का संदेश दिया।



विशेष रूप से हिमालयन बेल्ट में शांति बनाए रखने के लिए हम निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश होने के बाद इसे राज्यसभा में लाया जाएगा। रिजिजू ने साफ कहा कि हम इस विधेयक पर विस्तार से चर्चा करेंगे। मुस्लिम संगठन भी जानते हैं कि यह विधेयक मुसलमानों की संपत्ति हड़पने के लिए नहीं है। इसके जरिए से पारदर्शिता बढ़ेगी और गरीबों और महिलाओं को इसका लाभ होगा। यह व्यवस्था के लिए है, न कि किसी की संपत्ति छीनने के लिए। उन्होंने कहा कि वक्फ आज एक राजनीतिक विषय बन चुका है।

### विधायक के परिवार से धक्का मुक्की के मामले में प्रशिक्षु IAS को क्लीनचिट, विधानसभा में सरकार का जवाब

भोपाल। विधायक नारायण सिंह पट्टा के परिवार के साथ धक्का-मुक्की करने के आरोप में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी एसडीएम आकिब खान को क्लीन चिट मिल गई है। जांच रिपोर्ट में कहा गया कि एसडीएम ने विधायक की मां, भाई और बहू के साथ कोई अभद्रता या धक्का-मुक्की नहीं की थी, और जांच दल ने ऐसी कोई घटना होने की पुष्टि नहीं की। बिछिया विधायक नारायण सिंह पट्टा के परिवार के साथ धक्का-मुक्की करने के आरोप में प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी एसडीएम आकिब खान को क्लीन चिट मिल गई है। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि एसडीएम द्वारा विधायक की मां, भाई और बहू के साथ कोई अभद्रता या धक्का-मुक्की नहीं की गई। जांच दल के प्रतिवेदन के अनुसार, ऐसी कोई घटना नहीं पाई गई है। यह जानकारी विधानसभा में विधायक नारायण सिंह पट्टा के सवाल का लिखित उत्तर देते हुए सरकार ने दी।

@POLYTOON




# बिहार में बनेगी एनडीए की सरकार, अन्याय के युद्ध में भाजपा का साथ दें: मुख्यमंत्री डॉ यादव

**भोपाल।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले मध्य प्रदेश में बिहार दिवस मनाया गया। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में बिहार दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित ''एक भारत श्रेष्ठ भारत'' स्नेह मिलन सम्मेलन का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहार नई करवट ले रहा है। ऐसे में देश में और बिहार में एनडीए की सरकार होना जरूरी है।

भगवान राम और कृष्ण के नाम से ही हमारी संस्कृति चलती है, लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी हमेशा भगवान राम और कृष्ण का रास्ता रोकते रहे हैं। इन्हीं लोगों ने राम जन्मभूमि आंदोलन के दौरान आडवाणी जी की रथयात्रा को रोका था। आप सभी को यह याद रखना है कि जो राम का नहीं, वो किसी काम का नहीं। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की स्मृति में भोपाल में पॉर्क भी बनेगा और उनकी प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि बिहार ने धर्म, आध्यात्म से लेकर संस्कृति को अक्षुण्य बनाने का कार्य किया है। दुनिया को लोकतंत्र की शिक्षा देने का कार्य बिहार ने किया है।



बिहार के वैशाली गणराज्य ने दुनिया को सबसे पहले लोकतंत्र की शिक्षा दी है। देश में आपातकाल लगाकर लोकतंत्र की हत्या करने वालों को बिहार ने ही सबक सिखाने का कार्य किया है। बिहार के लोग अपनी कर्मठता, कर्मशीलता, मेहनत और विश्वास से दुनिया के कई देशों में स्थापित हैं।

भोजपुरी समाज के लोग भोपाल के साथ मध्यप्रदेश के लिए बड़ी ताकत हैं। बिहार शासन के मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि देश के विकास में बिहार समाज का अभूतपूर्व योगदान रहा है। भोजपुरी समाज के समर्पण और साधना की चर्चा पूरे देश में होती है। फिरंगियों के खिलाफ सबसे पहले आवाज बिहार से ही उठी थी। देश और बिहार के विकास के लिए एनडीए का साथ दें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जब बिहार में एनडीए की सरकार बनी, तो उस सरकार ने वहां के ऐतिहासिक स्थलों, नालंदा जैसे विश्वविख्यात विश्वविद्यालय और धार्मिक-सांस्कृतिक महत्व के स्थलों का जीर्णोद्धार कराया। सड़कें और हाइवे बनाए, आईआईटी और आईआईएम जैसे शैक्षणिक संस्थान खोले और बिहार को विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाया। आज बिहार नई करवट ले रहा है।

### मुख्यमंत्री ने जामसांवली में की चमत्कारिक हनुमानजी की पूजा-अर्चना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल निर्देशन में सभी क्षेत्रों में विकास के कार्य तेजी से हो रहे है। विकास के कीर्तिमान स्थापित हुये हैं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जामसांवली सहित प्रदेश में 13 अलग-अलग लोक के निर्माण कार्य से धार्मिक एवं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। हनुमान लोक का प्रथम चरण का कार्य मई तक पूर्ण करने का लक्ष्य है और द्वितीय चरण में शीघ्र ही हनुमान लोक के विकास के कार्य होंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रत्येक वर्ग के कल्याण के कदम उठाए गए हैं। पांढुर्णा में सभी विकास कार्य होंगे, जिससे जिले में औद्योगिक विकास होगा और रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुड़ी पडवा (नये विक्रम संवत) की शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि नये साल में पांढुर्णा के विकास को प्राथमिकता से किया जाएगा।



## अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में प्रस्ताव पारित

### आरएसएस ने 'संगठित हिंदू समाज' के निर्माण का लिया संकल्प



**बंगलूरू।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने रविवार को अपनी सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा (एबीपीएस) में एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया। इस प्रस्ताव में आरएसएस ने दुनिया में शांति और समृद्ध लाने के तर्क पर एक सौहार्दपूर्ण और संगठित हिंदू समाज के निर्माण की बात की। बता दें कि यह प्रस्ताव तीन दिन तक चले कार्यक्रम के समापन पर पेश किया गया। इसमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत, महासचिव दत्तात्रेय होसबोले, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और भाजपा महासचिव बीएल संतोष सहित आरएसएस से जुड़े 32 संगठनों के प्रमुखों ने भाग लिया।

अब बात अगर पारित प्रस्ताव की करें तो, इसमें मुख्य रूप से कहा गया है कि भारत एक प्राचीन और समृद्ध संस्कृति वाला देश है और इसमें एकजुट दुनिया बनाने का अद्भुत ज्ञान है।

# ट्रांसफर: लोकायुक्त संगठन के डीजी जयदीप प्रसाद को हटाया, साई मनोहर को इंटेलीजेंस की कमान

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार के 15 वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए है। इनमें अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (ADG), पुलिस महानिरीक्षक (IG) और उप पुलिस महानिरीक्षक (DIG) स्तर के अधिकारी शामिल हैं। परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के घर पर छापा मारने वाले लोकायुक्त संगठन के डीजी का ट्रांसफर कर दिया गया है। आईपीएस जयदीप प्रसाद प्रभारी महानिदेशक/अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, लोकायुक्त संगठन से हटाकर SCRB, भोपाल में पदस्थ किया गया है।

आईपीएस योगेश देशमुख को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता से लोकायुक्त संगठन, भोपाल में नियुक्त किया गया है। बता दें सौरभ शर्मा के घर और ठिकाने पर ईडी की टीम को लीड करने वाले ज्वाइंट डायरेक्टर को भी एक माह पूर्व हटा दिया गया था। इस संबंध में रविवार देररात गृह विभाग ने आदेश जारी किए। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी आदर्श कटियार विशेष पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार से प्रशासन, पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजे गए। 1993 बैच की आईपीएस सोनाली



मिश्रा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रशिक्षण से चयन एवं भर्ती विभाग, पुलिस मुख्यालय भोपाल में नियुक्त की गई है। इसी बैच के आईपीएस रवि कुमार गुप्ता को खेल एवं युवक कल्याण विभाग से हटाकर ष्ठत्र, रेल, पुलिस मुख्यालय भोपाल बनाया गया। वहीं, आईपीएस संजीव शमी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, चयन एवं भर्ती से दूरसंचार, पुलिस मुख्यालय भोपाल भेजे गए।

योगेश देशमुख को लोकायुक्त संगठन का डीजी बनाया :1994 बैच के आईपीएस आशुतोष राय अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, अग्निशमन सेवाओं से अजाक, पुलिस मुख्यालय भोपाल, आईपीएस राजाबाबू सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, मुख्यालय से प्रशिक्षण विभाग, पुलिस मुख्यालय भोपाल में स्थानांतरित किया गया है। वहीं, 1995 बैच के आईपीएस ए साई मनोहर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सायबर से गुप्तवार्ता (इंटेलीजेंस), भोपाल भेजे गए, साथ ही सायबर का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया। आईपीएस चंचल शेखर अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, स्ष्टत्रक्चसे विसबल, भोपाल में स्थानांतरित। आईपीएस जयदीप प्रसाद प्रभारी महानिदेशक/अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, लोकायुक्त संगठन से हटाकर स्ष्टक्र, भोपाल में पदस्थ किया गया है। आईपीएस योगेश देशमुख को अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता से लोकायुक्त संगठन, भोपाल में नियुक्त किया गया है।

सीएम के ओएसडी राकेश गुप्ता खेल विभाग के डायरेक्टर बने 1999 बैच के आईपीएस राकेश गुप्ता को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, मुख्यमंत्री कार्यालय से हटाकर खेल एवं युवक कल्याण विभाग का निदेशक बनाया गया।

2004 बैच के आईपीएस गौरव राजपूत विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, गृह विभाग से हटाकर पुलिस महानिरीक्षक, रीवा जोन नियुक्त किया गया है। वहीं, 2007 बैच की आईपीएस कृष्णावेनी देसावतु पुलिस महानिरीक्षक, विसबल, मध्य क्षेत्र भोपाल से हटाकर विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी, गृह विभाग में स्थानांतरित कियागया है। 2009 बैच के आईपीएस साकेत प्रकाश पाण्डे डीआईजी, रीवा रेंज से पुलिस मुख्यालय भोपाल और 2010 बैच के आईपीएस राके सिंह डीआईजी, 25वीं वाहिनी विसबल से रीवा रेंज, रीवा में स्थानांतरित किया गया है।

## फर्जी अतिथि शिक्षकों और मजदूरों के नाम पर जनजातीय कार्य विभाग में करोड़ों का गबन का खुलासा




**उमरिया।** उमरिया जिले में शासकीय राशि के गबन का बड़ा घोटाला सामने आया है। मामला जनजातीय कार्य विभाग से जुड़ा है, जहां पाली ब्लॉक में पदस्थ अफसरों ने फर्जी अतिथि शिक्षकों और मजदूरों के नाम पर करोड़ों रुपये का गबन किया। अब तक की जांच में करीब 2.60 करोड़ रुपये की हेराफेरी उजागर हुई है। यह राशि जिम्मेदार अधिकारियों ने अपने रिश्तेदारों के बैंक खातों में ट्रांसफर करवा दी।

इस घोटाले का खुलासा आयुक्त, कोष एवं लेखा की निगरानी में हुआ। भोपाल स्थित अधिकारियों ने पाली ब्लॉक में 24 संदिग्ध खातों की पहचान की है और उनकी सूची भेजी है। इस गबन को अंजाम देने में माध्यमिक शिक्षक रामबिहारी पांडेय, लिपिक अशोक कुमार धनखड़ और कंप्यूटर ऑपरेटर बालेंद्र द्विवेदी का नाम सामने आया है। हालांकि, जांच के बाद अन्य अधिकारियों की संलिप्तता भी उजागर हो सकती है।

वित्तीय अनियमितताओं का खुलासा फाइनेंशियल इंटेलिजेंस कमेटी (FFIC) ने किया। कमेटी को 24 खातों पर संदेह हुआ और जांच में पाया गया कि ये सभी खाते जिम्मेदार अफसरों के रिश्तेदारों के थे। बताया जा रहा है कि यह गबन 2018 से 2023 के बीच किया गया। विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी राणा प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारियों की भूमिका संदेह के घेरे में है। आशंका है कि गबन की राशि 2.60 करोड़ से भी अधिक हो सकती है।

जांच के लिए पाली ब्लॉक पहुंचे एसडीएम अंबिकेश प्रताप सिंह और सहायक कोषालय अधिकारी की टीम ने जनजातीय कार्य विभाग के खंड शिक्षा अधिकारी राणा प्रताप सिंह से पूछताछ की। टीम ने 2018-2023 के वित्तीय लेन-देन से जुड़े रजिस्टर और अन्य दस्तावेज जब्त कर लिए हैं।

# अयोध्या से नागपुर जा रही बस जबलपुर में पलटी, 3 की मौत, 25 घायल

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार को एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 25 घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा रमनपुर घाटी में हुआ।

बस यात्रियों को लेकर अयोध्या से नागपुर जा रही थी। सुबह करीब 4.45 बजे रमनपुर घाटी के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं, तीनों शवों को




कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसे की जांच कर रही है। बता दें कि इससे पहले 13 मार्च को मध्य प्रदेश के ही धार जिले के बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर सड़क दुर्घटना में कई लोगों की मौत हो गई थी और तीन गंभीर रूप से घायल हो गए थे। पुलिस ने छह लोगों की मौत की पुष्टि की थी। रिपोर्ट के मुताबिक मृतक सीतामऊ थाना क्षेत्र के मंदसौर के निवासी थे। वे इंदौर से मंदसौर जा रहे थे। पुलिस ने बताया था कि पिकअप में सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई थी।

वहीं, कार में सवार चार में से तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई थी और एक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। बदनावर पुलिस थाना प्रभारी ने बताया था कि टैंकर गलत दिशा में जा रहा था। उसने पहले एक पिकअप वाहन को टक्कर मारी और फिर उसके पीछे आ रही कार को टक्कर मारी।

## T बुरा न मानों TRENDING है...

### बड़े साहब की नाक के नीचे पोस्टिंग का खेल

बड़े साहब की नाक के नीचे इन दिनों पोस्टिंग का खेल विशेष चर्चा में बना हुआ है। बताया जाता है कि बड़े साहब के बेड़े में आने के बाद साहब ने अधिकारियों की पोस्टिंग का खेल शुरू कर दिया है। लेकिन साहब एडवांस की मांग करते हैं जिसकी वजह से साहब पर भरोसा करना थोड़ा मुश्किल हो रहा है। अब इसमें यह कहना मुश्किल है कि बड़े साहब को इसकी खबर है या नहीं? यदि बड़े साहब को इसकी भनक लग गई तो साहब को बाहर का रास्ता दिखाया जा जा सकता है। अब चाहे जो भी हो विभाग में मनचाही पोस्टिंग का आनंद ही कुछ और है।

● अय्यार

### पुलिस तैनाती के साथ गश्त जारी रहेगी, शिवसेना बोली- उपद्रवियों का बांग्लादेश से संबंध

# 6 दिनों बाद नागपुर के सभी इलाकों से हटाया कर्फ्यू

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में हिंसा के छह दिन बाद, रविवार को शेष चार इलाकों से भी कर्फ्यू हटा लिया गया। 17 मार्च को हुई हिंसा के बाद नागपुर के कोतवाली, गणेशपेठ, तहसील, लकड़गंज, पांचपावली, शांति नगर, सक्करदरा, नंदनवन, इमामबाड़ा, यशोधरा नगर और कपिल नगर थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाया गया था।

हिंसा सोमवार रात नागपुर के मध्य क्षेत्रों में उस समय भड़क उठी, जब अफवाहें फैलीं कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा मुगल सम्राट औरंगज़ेब की समाधि को हटाने की मांग को लेकर किए गए विरोध के दौरान एक धार्मिक शिलालेख वाली 'चादर' जला दी गई। हालांकि, अधिकारियों ने बाद



में स्पष्ट किया कि ये अफवाहें पूरी तरह झूठी और भ्रामक थीं।

इससे पहले, 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर थाना क्षेत्रों से तथा 22 मार्च को पांचपावली, शांति नगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामबाड़ा इलाकों से कर्फ्यू हटा लिया गया था। रविवार को नागपुर पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल ने आदेश जारी कर कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर थाना क्षेत्रों से भी दोपहर 3 बजे से कर्फ्यू हटाने का निर्णय लिया।

एक अधिकारी ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में पुलिस की गश्त जारी रहेगी और स्थानीय पुलिस बल तैनात रहेगा। 17 मार्च को हुए उपद्रव में बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की घटनाएं हुई थीं। इस हिंसा में तीन डीसीपी रैंक के अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। पुलिस ने अब तक हिंसा से जुड़े 100 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को कहा कि नागपुर में हुई हिंसा के दौरान हुई तोड़फोड़ और संपत्ति के नुकसान की भरपाई दंगाइयों से कराई जाएगी और जरूरत पड़ने पर उनके खिलाफ बुलडोजर की कार्रवाई भी की जाएगी।

# साइबर ठगों को किराए पर देते थे बैंक खाते

## करोड़ों की ठगी के बाद पकड़ाए



**इंदौर।** क्राइम ब्रांच ने हाल ही में साइबर ठगों और गेमिंग एप के लिए खातों को किराए पर उपलब्ध कराने वाले शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एक और युवक को गिरफ्तार किया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। डीसीपी क्राइम राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, 10 जनवरी को डॉ. मोहन सोनी ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया था। उन्हें शेयर ट्रेडिंग एप के माध्यम से ऑनलाइन ट्रेडिंग में निवेश करने के लिए 3.4 करोड़ रुपये का धोखाधड़ी का शिकार बनाया गया था। इस ठगी के पैसे फर्जी खातों में जमा कराए गए थे। इस मामले में शुभम नामदेव उर्फ शुभम संसारिया का नाम सामने आया था। हालांकि, दबिश में शुभम नहीं मिला, लेकिन उसका साला अमन हाथ लग गया। बाद में कुलदीप पगारे को भी गिरफ्तार किया गया। अमन ने पूछताछ में बताया कि वे साइबर ठगों और दुबई में गेमिंग एप चलाने वालों को फर्जी खातों की सप्लाई करते थे।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### न्यूटन में जुटे आदिवासी, मिलन समारोह मनाया



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** न्यूटन चिखली वार्ड नं 8 में स्थापित प्रकृति शक्ति बड़ा देव स्थान पर 23 मार्च रविवार को प्रकृति शक्ति बड़ा देव पूजन, महासुमरनी, होली मिलन समारोह आयोजित किया गया ।,नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष माया धुर्वे का सम्मान कार्यक्रम किया गया। समाजसुधार पर चिंतन, आदिवासी युवक ,युवती परिचय सम्मेलन कराने ओर आगामी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष महेश सराठी, भूपेश परानी, ब्रजकुमारी सरेयाम, राकेश सरेयाम, संजय सराठी, राहुल सराठी और अन्य उपस्थित रहे।

### खिरसाडोह में एनएसएस शिविर में किया पौधारोपण



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** परासिया के शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई ने खिरसाडोह में रविवार को पौधारोपण किया। शहीद दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को याद किया गया। रविवार को पांच बजे एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने दिन भर के आयोजनों की जानकारी दी। खिरसाडोह में कन्या शिक्षा परिसर में शिविर लगाया गया है। प्राचार्य स्वर्ण कुमारी सिंह, कार्यक्रम अधिकारी ममता कराडे के नेतृत्व में छात्राएं समाज सेवा का काम कर रही है। रविवार को उपसरपंच सुशील डोलानी कैंप में पहुंचे। इस अवसर पर शहीदों को लेकर उन्होंने अपनी बात रखी। सुशील डोलानी, ममता कराडे, सहयोगी भाग्यश्री मिश्रा, दल नायिका निवेदिता डेहरिया, परिणिता, केसर, संतोषी, रानू पायल ने पौधारोपण किया।

### एसडीएम ने जब्त की थी रेत, ठेकेदारों ने बेच डाली



**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** क्षेत्र में इन दिनों रेत का अनोखा खेल चल रहा है। रेत ठेकेदार अपनी खदान से इतर रेत इकट्ठा करते है। फिर इसे पकडाते है और अपने सुपुर्द लेकर बेच देते है। ताजा मामला झुर्रे क्षेत्र का है यहां सुपुर्द में रखी 67 ट्राली रेत को बेच दिया गया। 67 ट्राली रेत जब्त की गई थी। श्विपुरी थाना क्षेत्र के लोहांगी, पलटवाड़ा और भगवानदेव घाट में अवैध रेत का कारोबार किया जा रहा है। इन स्थलों से रेत जब्त की गई थी। 67ट्राली जब्त कर ग्राम कोटवार की अभिरक्षा में रखा था । रेत अब यहां नहीं है। रेत तस्करों ने अभिरक्षा में रखी रेत गायब कर दी। इस तरह के मामलों से खनिज, पुलिस और राजस्व की छबि पर असर पडता है। इसलिए इस मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की गई है।

### दुर्गेश ने रक्त देकर बचाई महिला की जान



**रायसेन।** जिला अस्पताल में भर्ती एक महिला डाक्टरों ने ब्लड की कमी बताई जिसे रायसेन थाना में पदस्य आरक्षक दुर्गेश सिंह राजपूत ने ब्लड देकर महिला की जान बचाई। शहर के वार्ड नं 18 निवासी सवीला बी को डिलेवरी के दौरान ए पोजेटीव रक्त की कमी थी,जिस की सूचना आरक्षक दुर्गेश सिंह राजपूत को मिली,उन्होने जिला अस्पताल जाकर महिला को रक्त देकर महिला और बच्चे की जान बचाई। दुर्गेश सिंह राजपूत ने बताया की वह अभी तक 40 से 45 बार रक्त जरूरत मत लोगों को दे चुकं है।

### जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष श्री नागर ने विद्यार्थियों को जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित

**बैतूल(मध्य स्वर्णिम)।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उपाध्यक्ष व राज्य मंत्री दर्जा मोहन नागर ने जिले के शाहपुर में सीएमसीएलडीपी कक्षा के छात्र-छात्राओं को जल संवाद के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए मार्गदर्शन दिया। नागर ने कहा कि हम सभी को मिलकर भविष्य में पानी की कमी से होने वाली समस्याओं के प्रति विचार करना होगा। साथ ही समाज के प्रत्येक वर्ग के लोगों को पानी बचाने के लिए जागरूक करना होगा। आज अगर हम पानी को बचाएंगे तो कल हमारा सुरक्षित रहेगा। आज हम पानी का जिस प्रकार से दोहन कर रहे हैं आने वाला समय हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए समस्या उत्पन्न कर सकता है, लेकिन हम पानी के महत्व को समझ गए तो आने वाली पीढ़ी को एक अच्छा सुनहरा कल दे पाएंगे।

# भोजपुर में बाघ की मूवमेंट के चलते वन विभाग लगातार कर रहा गश्त

## भोजपुर शिव मंदिर के आसपास बाघ की मूवमेंट से वन विभाग अलर्ट





**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

जिले के औबेदुल्लागंज वन मंडल के तहत आने वाले चिकलोद वन परिक्षेत्र के भोजपुर शिव मंदिर बेतवा नदी के आसपास बाघ की मूवमेंट लगातार बनी हुई और बाघ की मूवमेंट होने से वन विभाग के अधिकारी अलर्ट हो गए है और क्षेत्र में बाघ की सुरक्षा को लेकर वन विभाग के अमले ने गश्त बढ़ा दी है।

जिससे किसी भी सूरत में बाघ को कोई नुकसान ना पहुंचा पाए। वहीं बाघ की मूवमेंट को ट्रेस किए जाने के लिए वन विभाग द्वारा जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे एवं गश्त वाहन भी तैनात कर दिए गए है। वहीं ग्रामीणों को भी सतर्कता बरतने की सलाह लगातार वन विभाग द्वारा एलान के माध्यम से दी जा रही है। वन विभाग के सीसीटीवी कैमरो में भी लगातार बाघ की फोटो कैप्चर हो रही है।

जिसमें क्षेत्र में केवल एक बाघ की मूवमेंट नहीं इनकी संख्या दो है। वहीं सूत्रों की माने तो बाघ की संख्या दो से अधिक भी हो सकती है अभी केवल दो बाघ की मूवमेंट ही सीसीटीवी ट्रैप कैमरा में कैप्चर हुई है। वहीं पिछले दिनों बाघ एक गाय का शिकार करते हुए सीसीटीवी में कैद भी हुआ था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया था। वहीं बाघ की सुरक्षा को लेकर वन विभाग लगातार मुस्तैदी के साथ तैनात है। वहीं पालतू मवेशियों के शिकार के दौरान पशु मालिकों को उचित मुआवजा दिए जाने का भी प्रबंध किया गया है।

वहीं औबेदुल्लागंज वन मंडलाधिकारी हेमंत रैकवार उप वन मंडल अधिकारी पुष्पेन्द्र सिंह धाकड़,वन परिक्षेत्र अधिकारी चिकलोद टीआर कुलास्ते,परिक्षेत्र सहायक नरेश कुशवाह,परिक्षेत्र सहायक सौथर कैलाश मालवीय,परिक्षेत्र सहायक चिकलोद उवेश खान,वीट गार्ड भोजपुर अवध नारायण कीर,अजय सिंह,राजेन्द्र ,जागेत,बृजेश राजपूत,रोहित,जगेत,वन रक्षक अमिताभ सिंह राजूनंद सहित वन विभाग की पूरी टीम बाघ की मूवमेंट पर नजर बनाए हुए है।

### रातापानी अभ्यारण्य के समीप है भोजपुर मंदिर

जानकारों की माने तो बाघ की मूवमेंट की बात की जाए तो करीब 30 से 40 किलोमीटर की परिधि में रहती है और रातापानी अभ्यारण्य समीप में है। वहीं बाघ को पीने के लिए पर्याप्त पानी बेतवा नदी से मिल रह है और शिकार भी आसानी से भोजपुर के आसपास मिलने की वजह से बाघ की मूवमेंट क्षेत्र में बनी हुई है।

# हार्वेस्टर और कार की आमने-सामने हुई टक्कर 5 घायल

## ड्राइवर को झपकी लगने से हुआ हादसा, कार के परखच्चे उड़े



**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

भोपाल-विदिशा हाईवे 18 पर दीवानगंज चौकी के सामने रविवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। इस दुर्घटना में एक हार्वेस्टर और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान निसार पटेल, दानिश पटेल,साहिल पटेल, अरबाज पटेल और एक साहिल पटेल के रूप में हुई है।

सभी घायल देवास-इंदौर के रहने वाले हैं। हादसे के बाद तत्काल एंबुलेंस की मदद से सभी को बेरखेड़ी चौराहे स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उन्हें इंदौर ले गए। वहां उनका इलाज जारी है। दुर्घटना का कारण हादसा ड्राइवर को आई झपकी बताई जा रही है।

टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, हालांकि एयरबैग खुलने से कार सवारों की जान बच गई। वहीं, हार्वेस्टर का पहिया भी टेढ़ा हो गया। हादसे के कारण हाईवे पर जाम लग गया।


**प्रतियोगिता से लौट रहे थे घायल:** जानकारी के अनुसार सभी घायल विदिशा में आयोजित ट्रैक्टर टोचन प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गए थे। प्रतियोगिता जीतने के बाद वे इंदौर लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। भोपाल-विदिशा हाईवे पर जाम लग गया।

## पशुओं से भरा वाहन टोल प्लाजा पर पकड़ा, ड्राइवर आरोपी फरार

**रायसेन।** भोपाल रोड स्थित खरवाई टोल प्लाजा पर रविवार सुबह 4 बजे एक 407 वाहन पकड़ा गया, जिसमें पशुओं को क्रूरता से बांधकर ले जाया जा रहा था। टोल प्लाजा पर मौजूद बंटी विश्वकर्मा ने सबसे पहले इस वाहन को देखा। उन्होंने वाहन में मौजूद चालक और एक अन्य व्यक्ति से पूछताछ की। संदिग्ध जवाब मिलने पर बंटी ने गांव के अन्य लोगों को सूचना दी। इस दौरान शुभम कुशवाहा भी मौके पर पहुंचे। ड्राइवर मौका देखकर फरार हो गया। वाहन को रायसेन श्री कृष्ण गोशाला ले जाया गया। वाहन में मौजूद 10 पशुओं को गोशाला में छोड़ा गया। शुभम कुशवाहा ने बताया कि पशुओं को क्रूरता से बांधकर भोपाल लेकर जा रहे थे। खरवाई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहन को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कन्हरगांव में कुएं में मिला वृद्ध का शव

## पुलिस ने कराया पोस्टमार्टम



**परासिया।** कन्हरगांव में खेत के कुएं में रविवार को वृद्ध का शव पाया गया। मृतक 62 वर्षीय किशन इवनाती खेत में फसल काटने का काम करने गया था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। परिजनों ने तलाशा तो शव कुएं में पाया गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मृतक के परिवार के परिचित रिषीकेश साहू ने बताया कि मृतक किशन इवनाती खेत में फसल काटने के लिए निकले थे। इसके बाद घर नहीं लौटे। बाद में कुएं में शव पाया गयां। पुलिस ने शव को निकलवाया। उन्होंने कहा कि पानी लेने या नित्य कर्म के लिए वृद्ध कुएं तरफ गए होंगे और गिरने से मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हादसों मे दिवंगतो को बैतूल विधायक नें दी श्रद्धांजलि

## परिजनों को 20-20 हजार रुपए की व्यक्तिगत नगद सहायता दी

**बैतूल (मध्य स्वर्णिम)।**

विधानसभा बजट सत्र में शामिल होनें के बाद भोपाल से बैतूल आए विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा कर क्षेत्रवासियों से संवाद किया। भ्रमण के दौरान बैतूल विधायक ने दिवंगत जनों के निवास पर पहुचकर श्रद्धांजलि अर्पितकर शोकाकुल परिजनों को सांत्वना दी। गत दिनों इंडस्ट्रियल एरिया बैतूल स्थित एक इंडस्ट्री के हादसे में दिवंगत हुए कम्पनी गार्डन निवासी स्व. कैलाश पानकर,रामनगर निवासी स्व.दयाराम नरवरे सहित एक अन्य हादसे में दिवंगत हुए बुण्डाला निवासी संजय पाटिल के सुपुत्र स्व.राजकुमार पाटिल के निवास पर पहुचकर बैतूल विधायक नें दिवंगतो को श्रद्धांजलि देकर शोकाकुल परिजनों को ढ़ाढस बधाया। बैतूल विधायक नें दिवंगतो के परिजनों को 20-20 हजार रुपए की व्यक्तिगत आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान की।



### बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी ली

इंडस्ट्री हादसे मे दिवंगत हुए स्व.दयाराम नरवरे एवं स्व.कैलाश पानकर के परिजनों से बैतूल विधायक नें चर्चाकर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। विधायक श्री खण्डेलवाल नें कहा कि इस दुख की घड़ी में वे हमेशा साथ खड़े रहेगे। उन्होनें दिवंगतजनो के बच्चो की आगे की पढ़ाई की जिम्मेदारी लेकर कहा कि बच्चों की पढ़ाई पर व्यय होने का खर्च वे वहन करेगे। इस दौरान भाजपा गंज मंडल अध्यक्ष विकास मिश्रा,कोठी बाजार मंडल अध्यक्ष विक्रम वैध,बैतूल बाजार मंडल अध्यक्ष सुनिल पवॉर सहित परिजन और पार्टीकार्यकर्ता मौजूद रहे।

# 40 साल बाद भमोड़ी में हुआ सड़क का डामरीकरण

**परासिया (मध्य स्वर्णिम)।**

ग्राम भमोडी मे मुख्य मार्ग अत्यंत जर्जर अवस्था मे था लगभग चालीस वर्ष पूर्व वेकोलि ने इस मार्ग का डामरीकरण कराया था। खदान बंद होने के बाद वेकोलि प्रबंधन ने इस ओर ध्यान नही दिया। ग्राम पंचायत द्वारा पूर्व मे कुछ स्थानो पर सीमेंट क्रांकीट सडक बनाई गयी थी लेकिन कालांतर मे वह भी उखड गयी। यह मार्ग भमोडी बस स्टैंड से न्यूटन तथा चांदामेटा को जोडता है जिसके कारण वाहनो की आवाजाही लगी रहती है।

वेकोलि द्वारा लगभग 1200 मीटर सडक का डामरीकरण कराया जा रहा है। सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि सडक अधिक क्षतिग्रस्त हो गयी थी बडे गडढे होने से आम लोगो को



बहुत मुश्किल होती थी सडक निर्माण के लिये ग्रामवासियो द्वारा आंदोलन किया गया। उन्होंने बताया कि संकल्प लिया गया था कि जब तक सड़क निर्माण नही होगा तब तक कोई भूमिपूजन नही किया जाएगा वर्तमान में ग्राम में पंचायत भवन, 2 आंगनबाड़ी भवन, यूरिनल, पुलिया, सड़क, नाली निर्माण के कार्य चल रहे है या पूर्ण हो चुके है किसी का भूमिपूजन नही किया गया था। ग्राम पंचायत भमोडी की मांग पर और सांसद बंटी विवेक साहू के प्रयास से बस स्टैंड से रामपुरी तिराहा सडक तक मार्ग बन रहा है। उन्होने बताया कि रेल्वे स्टेशन तथा नार्थचांदामेटा सडक निर्माण कराये जाने की प्रक्रिया चल रही है।

## राजपूत समाज ने विरोध प्रर्दशन कर सांसद रामजी लाल सुमन का किया पुतला दहन



**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** रविवार को राजपूत सभा के युवाओं ने भोपाल-सागर तिराहे पर समाजवादी पार्टी सांसद रामजी लाल सुमन ने दी अभद्र टिप्पणी को लेकर राजपूत समाज ने विरोध-प्रर्दशन कर पुतला दहन किया। युवाओ ने कहा की महराज संग्राम सिंह मेवाढ के महाराज भारत की आत्मा देश के वीर सपूत थे,जिन्होंने बाबर से युद्ध के लिए सेकड़ो राजाओं को एकत्रित कर मुगलो से लोहा लिया युद्ध के काल में उनके शरीर मे 80 घाव लगने के बाद भी रण भूमि मे युद्ध करते रहे। उनके गोरव शाली इतिहास को झुठला कर हमलावरों को अपना आदर्श मानने बाले समाजवादी के राज्यसभा सदस्य रामजी सुमन ने जो अभद्र टिप्पणी की है उसके लिए उक्त तथा कथित नेता और उसके नेता अखलेश यादव को सारे देश से छमा मांगनी होगी। इस अवसर पर राकेश तोमर,बबलू ढाकुर,शिवराज सिंह कुशवाहा,संतोष बघेल,विक्की ढाकुर,वीरेंद्र ढाकुर,अजय ढाकुर,प्रभाशु भदौरिया,जीतेन्द्र ढाकुर,अलरख राजपूत,वीरेंद्र ढाकुर,अमन तोमर,विजय राजपूत देवेश तोमर विजय राठौर ओमप्रकाश राजपूत सोनू ढाकुर मोनू ढाकुर आदि शामिल थे।

## पुलिस टीमों ने जिले में चलाया विशेष अभियान, अस्पताल, होटलए ढाबा और एटीएम की गहन जांच की

### 16 प्रकरणों में 7,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला, अपराधियों को दी चेतावनी

**रायसेन(मध्य स्वर्णिम)।** पुलिस ने शनिवार की रात बड़ी कार्रवाई करते हुए अपराधियों पर शिकंजा कसा। इस दौरान सभी एसडीओपी के नेतृत्व में थानावार पुलिस टीमों का गठन किया गया। अभियान के तहत पुलिस ने एक रात में 39 स्थायी वारंटी को गिरफ्तार किया। इसके अलावा, 160 से अधिक हिस्ट्रीशीटर और गुंडा-बदमाशों की चेकिंग की गई। पुलिस टीमों ने 51 गिरफ्तारी वारंट की तामीली कराई और 63 संपत्ति संबंधी आरोपियों की जांच की। आने वाले त्योहारों के मद्देनजर शनिवार रात 12 बजे से विशेष अभियान चलाया गया। पुलिस टीमों ने अस्पताल,होटल, ढाबा और एटीएम की गहन जांच की। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों से पूछताछ की गई। वहीं, मोटर व्हीकल एक्ट ;एमवी एक्ट/के तहत 16 प्रकरणों में 7,500 रुपये का शमन शुल्क वसूला गया। पुलिस ने अपराधियों को दी चेतावनी--जिले के सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में गश्त की और हिस्ट्रीशीटरों एवं बदमाशों को आपराधिक गतिविधियों से दूर रहने की सख्त चेतावनी दी।



# जैन मुनि संघ का विमान उत्सव, बैंड. बाजों के साथ शोभायात्रा निकली



**रायसेन (मध्य स्वर्णिम)।**

आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य मुनि श्री 108 निष्कम सागर और मुनि श्री निष्काम सागर के सानिध्य में विमान उत्सव का आयोजन किया गया। रविवार को विमान यात्रा श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से प्रारंभ होकर श्री 1008 शांतिनाथ जिनालय पहुंची। मार्ग में जैन श्रद्धालुओं ने जगह-जगह मुनिराज के पाद प्रक्षालन किए और श्रीजी की आरती उतारी। इससे पहले जैन समाज ने नए बस स्टैंड से बैंड.बाजों के साथ मुनि संघ की भव्य अगवानी की।

इस अवसर पर आष्टा, बेगमगंज और थाना बमोरी के लोग भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे के निर्देश पर 25 पुलिसकर्मियों की टीम व्यवस्था बनाए रखने में तैनात रही। श्री 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम होने जा रहा है। यहां आचार्य विद्यासागर महाराज के अष्टधातु निर्मित चरण चिन्ह स्थापित किए जाएंगे। डॉक्टर सौरभ जैन को यह चरण चिन्ह स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त होगा

**जन्म जयंती नहीं कल्याणक मनाएं:** मुनि श्री 108 निष्कम्प सागर जी ने जैन धर्म के मूल सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जन्म जयंती और जन्म कल्याणक में बड़ा अंतर है। जन्म जयंती मनाने वाले का जन्म बार-बार होता है, जबकि जन्म कल्याणक एक बार ही मनाया जाता है।

# भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू को शहीदी दिवस पर याद किया नपाध्यक्ष ने कहा कि युवाओं की कुर्बानी देश कभी नहीं भूलेगा




**परासिया(मध्य स्वर्णिम)।** अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव और राजगुरू को आज उनके शहीदी दिवस पर याद किया गया। रविवार को परासिया के शहीद भगत सिंह चौक पर कार्यक्रम किया गया। उनके बलिदान को याद किया गया। इस अवसर पर परासिया नगर पालिका के अध्यक्ष विनोद मालवीय ने कहा कि युवाओं की कुर्बानी को देश कभी नहीं भूलेगा। उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने इन तीन युवाओं को फांसी के फंदे पर लटका दिया। इन्होंने न किसी की हत्या की थी न किसी की हत्या की योजना थी। ये सिर्फ अपना ध्यान आकर्षण कराना चाह रहे थे। इतनी छोटी सी बात पर तीन युवाओं को फांसी की सजा दे दी गई। इस अवसर पर आरएसएस कार्यवाह रवि मोहन श्रीवास और अन्य पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### 10 मिनट देरी से आने पर बेस्ट प्राइज स्टोर कर्मचारी को मैनेजर ने जमकर पीटा

**भोपाल।** निशातपुरा क्षेत्र में पीपुल्स मॉल के पास स्थित बेस्ट प्राइज स्टोर में एक कर्मचारी के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घायल कर्मचारी का आरोप है, कि उसे काम पर आने में केवल 10 मिनट की देरी हुई थी, इसी बात पर पहले तो मैनेजर उसे गालियां देने लगा। जब उसने इसका विरोध किया तब मैनेजर ने जमकर मारपीट करते हुए उसकी नाक पर किसी भारी सामान से वार किया जिससे उसके चेहरे पर गंभीर चोट आई। वहीं मैनेजर ने भी कर्मचारी पर दुर्व्यवहार कर मारपीट किये जाने की शिकायत की है। जानकारी के अनुसार उमा शंकर चौरसिया (40) ने पुलिस को बताया की वह शिव नगर, विदिशा रोड पर रहता है, और बेस्ट प्राइज में मार्केटिंग का काम करता हैं। आरोप है की स्टोर मैनेजर गुलाब सिंह आये दिन किसी न किसी बात पर जानबूझकर उसकी गलती निकालते हुए दुर्व्यवहार करते थे, और शिफ्ट पूरी होने के बाद भी अधिक देर तक काम कराते थे। शनिवार को उसे स्टोर पहुचने में थोड़ी देर हो गई, इसे लेकर गुलाब सिंह ने उसके साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर जमकरर मारपीट कर दी। मारपीट में घायल उमा शंकर को जर्बदस्ती बाहर निकाल दिया गया। उमा शंकर पहले तो इलाज के लिये उन्होंने अस्पताल पहुंचे और फिर निशातपुरा थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। वहीं मैनेजर गुलाब सिंह ने भी उमा शंकर पर मारपीट का आरोप लगाते हुए शिकायत की। पुलिस का कहना है कि दोनों के बीच सैलरी को लेकर भी विवाद की बात सामने आई है।

### वारदात की फिराक में पिस्तौल लेकर घूम रहा बदमाश धराया

**भोपाल।** राजधानी में अवैध हथियारो की तस्करी करने वाले आरोपी को क्राइम ब्रांच ने जिंसी चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास एक देसी पिस्टल और एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ है। बताया जा रहा है कि आरोपी कोई घटना करने की फिराक में हथियार रखा हुआ था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। अवैध हथियारों को खरीदने व बेचने के संबंध में उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि जिंसी चौराहा के पास स्लाटर हाउस के सामने मारूति सुजुकी माय कार के वर्क शाप के पास एक व्यक्ति पिस्टल और कारतूस लिया खड़ा है। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ा लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम इमरान अहमद (54) जेल बाग जिंसी चौराहा जहांगीराबाद होना बताया। तलाशी लेने पर उसके पास एक देशी पिस्टल और मैगजीन में एक जिंदा कारतूस मिला। पुलिस ने आरोपी को गिरफतार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी अपराध दर्ज है।

### संस्कृति के सरंक्षण और संवर्धन में शिक्षक समाज का महत्वपूर्ण योगदान है : कृष्णा गौर



**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि शिक्षक समाज का संस्कृति के सरंक्षण और संवर्धन में महत्वपूर्ण योगदान है । शिक्षकों के प्रयास से एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण हो, जिसमें राष्ट्रभक्ति की भावना प्रबल हो और जो राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का आधार बने। राज्य मंत्री श्रीमती गौर रविवार को महारानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय भोपाल में मध्यप्रदेश शिक्षण संघ द्वारा आयोजित दायित्व बोध/ शपथ समारोह को संबोधित कर रही थी। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि मध्यप्रदेश शिक्षक संघ बीते 55 वर्षों से पूर्ण समर्पण के साथ राष्ट्र हित, शिक्षा हित, शिक्षक हित और छात्र हित में सतत कार्यरत है। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने पदाधिकारियों को शपथ भी दिलाई। राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार, विधायक भगवानदास सबनानी, डॉ. छत्रवीर सिंह राठौर, राजीव शर्मा, नागेश पांडे सहित मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के नगर, महानगर विकासखंड, तहसील और जिलों से आए हुए सभी निर्विरोध निर्वाचित सामान्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आज से प्रदेश में नया सिस्टम होगा एक्टिव, बढ़ेगा तापमान

## 27 के बाद लू चलने के आसार



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में दो तरह के मौसम देखने को मिल रहे हैं। जहां कुछ जगह बारिश और ओले पड़ रहे हैं, तो वहीं कई क्षेत्रों में तेज धूप की वजह से गर्मी लोगों को परेशान कर रही है। हालांकि मौसम विभाग का कहना है कि ओले-बारिश और आंधी का दौर रविवार से थम जाएगा।

वहीं, अगले 3 दिन तक पारे में बढ़ोतरी होगी। पारा 3 से 4 डिग्री तक बढ़ सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 25-26 मार्च से प्रदेश में नए सिस्टम का असर देखने को मिलेगा।

### आज एक्टिव होगा वेस्टर्न डिस्टरबेंस

रविवार से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है, जो पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करेगा। दो दिन बाद प्रदेश में असर देखने को मिल सकता है। इससे पहले शनिवार को भोपाल, इंदौर-उज्जैन में धूप खिली रही तो शहडोल, रीवा, सीधी, मऊगंज, अनूपपुर आदि जिलों में ओले, बारिश और आंधी चली। सीधी में तेज बारिश के साथ ओले भी गिरे। जिससे चना, मसूर, अरहर और गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा है।

### प्रदेश के 15 जिलों में बारिश, ओले भी गिरे

इससे पहले शुक्रवार-शनिवार को प्रदेश में बारिश और आंधी की स्थिति बनी रही। कहीं ओले गिरे तो कहीं बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, शहडोल, अनूपपुर, सीधी, सतना, कटनी, सिंगरौली, दमोह, पन्ना, डिंडौरी, उमरिया, सागर, बालाघाट, सिवनी, जबलपुर, रीवा में बारिश और आंधी चली।

55 से अधिक शहर या कस्बों में मौसम का असर देखा गया। सागर, उमरिया समेत कई जिलों में ओले भी गिरे। वहीं, सिंगरौली में 54 किमी, रीवा में 39 किमी, जबलपुर में 34 किमी, मंडला-सागर में 30 किमी और छिंदवाड़ा में 28 किमी प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चली।

### 27 मार्च के बाद चल सकती है लू

मौसम विभाग के अनुसार 27 से 31 मार्च के बीच प्रदेश में फिर से गर्मी का असर देखने को मिलेगा। कुछ इलाकों में लू भी चल सकती है। कई शहरों में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच सकता है। सामान्यत: दिन का तापमान 40 डिग्री से अधिक या सामान्य से 4.6 डिग्री तक अधिक हो तो हीट वेव यानी लू की स्थिति मानी जाती है। अगले 4 महीने तेज गर्मी पड़ेगी। मौसम विभाग ने मार्च से मई तक 15 से 20 दिन हीट वेव चलने का अनुमान जताया है।

# भोपाल मंडल में रेलवे मजिस्ट्रेट की कार्रवाई

## बिना टिकट यात्री और स्टॉल्स पर ठोका 79 हजार का जुर्माना



**भोपाल।** भोपाल मंडल के संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन परिसर और वहां स्थित स्टॉल्स का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यात्रियों के टिकटों की गहन जांच की गई, जिसमें 32 मामलों में बिना टिकट यात्रा करने पर कुल 13,990 का जुर्माना वसूला गया।

इसके अतिरिक्त, रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा स्टॉल्स एवं स्टेशन परिसर में विभिन्न अनियमित ओं के तहत 78 मामलों में कार्रवाई कर कुल 65,610 का जुर्माना लगाया गया। इस प्रकार, इस विशेष अभियान में कुल 79,600 का जुर्माना वसूला गया। इस अभियान का नेतृत्व रेलवे मजिस्ट्रेट अनुराग खरे ने किया, जिनके साथ डीसीटीआई फांसी चाको, 5 टिकट चेकिंग स्टाफ और 12 आरपीएफ स्टाफ उपस्थित रहे।

### रेलवे को सुरक्षित करने विशेष जांच अभियान

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस तरह के विशेष जांच अभियान समय-समय पर आयोजित किए जाते हैं ताकि रेलवे परिसर को सुव्यवस्थित, स्वच्छ एवं सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे यात्रा के दौरान रेलवे नियमों का पालन करें और बिना टिकट यात्रा एवं अवैध गतिविधियों से बचें।

# ऊर्जा मंत्री तोमर ने पर्यावरण संवारने और सेहतमंद जीवन बनाने का संदेश देने चलाई साइकिल



**भोपाल।** ग्वालियर उप नगर के वाशिंदों को पर्यावरण सुरक्षा और सेहतमंद जीवन बनाने का संदेश देने के लिए ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर रविवार की सुबह कांच मील न्यू कॉलोनी स्थित अपने निवास से हजीरा इंटक मैदान सब्जी मंडी तक साइकिल से पहुँचे। ऊर्जा मंत्री तोमर ने इस दौरान सब्जी विक्रेताओं की समस्याओं को सुना और ताज़ी सब्जियां ख़रीदीं।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने समाज से स्वच्छ हवा, स्वस्थ जीवनशैली और हरियाली को अपनाने का आहवान करते हुए कहा कि प्राकृतिक संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करें ताकि प्रदूषण को कम कर पृथ्वी के संतुलन को बनाए रखा जा सके। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। हम सभी को अपने जीवन में छोटी-छोटी आदतों से बड़े बदलाव लाने का प्रयास करना चाहिए। ऊर्जा मंत्री तोमर ने इंटक मैदान में क्रिकेट खेल रहे बच्चों के साथ क्रिकेट खेली तथा बच्चों को बेहतर खिलाड़ी बनकर देश का नाम रोशन करने की सलाह दी। उन्होंने क्रिकेट खेलने के लिए किट दिलाने का आश्वासन दिया।

# ग्रीन भारत एक्सपो का समापन

## क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी में ही भविष्य : मंत्री श्री सारंग



**भोपाल।** राजधानी में पिछले तीन दिनों से चल रहे ग्रीन भारत एक्सपो का रविवार को समापन हुआ। इलेक्ट्रिक व्हीकल और सोलर एनर्जी पर केंद्रित इस एक्सपो में देशभर की प्रतिष्ठित कंपनियों, निर्माताओं और संभावित निवेशकों ने भाग लिया। एक्सपो का आयोजन इमेजिन इवेंट और डिक्की द्वारा किया गया था।

खेल एवं युवक कल्याण तथा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने एक्सपो का समापन करते हुए डिक्की और इमेजिन इवेंट को इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि क्लीन एंड ग्रीन एनर्जी ही भविष्य की मांग है। हमें प्रकृति का संरक्षण करते हुए सतत विकास की ओर बढ़ना होगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि ग्रीन एनर्जी सिर्फ पर्यावरण संरक्षण का जरिया नहीं, बल्कि उद्यमिता और स्वरोजगार के अनंत अवसर भी प्रदान करती है।

मंत्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्लीन और ग्रीन एनर्जी सेक्टर में अपार संभावनाओं के द्वार खोले हैं। समापन समारोह में उन्होंने एक्सपो में भाग लेने वाली कंपनियों और प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए।

डिक्की के अध्यक्ष डॉ. अनिल सिरवैया ने बताया कि एक्सपो के जरिए युवाओं को ग्रीन एनर्जी सेक्टर में उद्यमिता के अवसरों से परिचित कराना प्रमुख उद्देश्य था। तीन दिनों में कई युवा और उद्यमी विभिन्न कंपनियों से जुड़े और व्यापार की संभावनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं से खासतौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में सोलर स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा मिल सकता है।

# सोशल मीडिया पर टूर पैकेज बुकिंग के नाम पर 50 हजार की ठगी, आरोपी भोपाल से गिरफ्तार



**भोपाल।** सोशल मीडिया पर टूर पैकेज बुकिंग के नाम पर 50 हजार की ठगी करने वाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार किया है। आरोपी हिमांशु शर्मा (32), निवासी रामानंद कॉलोनी, लालघाटी, भोपाल ने VOILA QUEST टूरिज्म नाम की फर्जी कंपनी के जरिए लोगों को धोखा देकर पैसे ठगे।

शहर के बुधवारी बाजार निवासी अमित राय (45) ने 21 मार्च 2025 को कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़ित ने बताया कि उसने 16 फरवरी 2025 को हिमांशु शर्मा से संपर्क कर गुवाहाटी जाने के लिए तीन मार्च की चार फ्लाइट टिकट बुक करवाई थीं। इसके लिए उसने यूपीआई के जरिए 50 हजार का भुगतान किया। आरोपी ने न तो टिकट बुक की और न ही पैसे लौटाए। जब पीड़ित ने बार-बार फोन और मैसेज किए तो आरोपी ने कोई जवाब नहीं दिया। पीड़ित की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना प्रभारी उमेश कुमार गोल्हानी के नेतृत्व में सउनि ब्रिजेश रघुवंशी और उनकी टीम को आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भोपाल रवाना किया गया।

भोपाल पहुंचकर पुलिस टीम ने आरोपी हिमांशु शर्मा को उसके ऑफिस से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में हिमांशु ने ठगी का खुलासा किया। आरोपी के कब्जे से VOILA QUEST कंपनी का फर्जी रजिस्ट्रेशन दस्तावेज, VOILA QUEST की सील, दो मोबाइल फोन, 50 हजार नकद सामान बरामद हुआ है।

# ज्योतिष परोपकार का माध्यय, कमाई का जारिया नहीं



**भोपाल।** सिद्धि ज्योतिष केंद्र-ओंकार पीठ, का अष्टादश दीक्षांत समारोह का आयोजन आयोग्य भारती के केंद्रीय कार्यलय , भोपाल में हुआ समोराह में मुख्य अतिथि स्वामी रामप्रवेशमहाराज, आचार्य रमेश त्रिपाठी, संस्कृत विद्यालय, गुफा मंदिर, भोपाल, विशिष्ट अतिथि आशीष पांड्या जी, उज्जैन से ज्योतिषाचार्य और पांडित्य, विशिष्ट अतिथि पं. रमेश शर्मा, कथावाचक एवं विचारक, अध्यक्ष राजेश दुबे, प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य मौजूद रहे।

समारोह की शुरुआत मां सरस्वती और गणेश की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना से हुई। इसके बाद सभी अतिथियों का स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह, श्रीफल एवं पादप भेंट किए गए। स्वागत भाषण में डॉ. राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि इस संस्थान की शुरुआत 1995 में प्रहलाद पांड्या जी द्वारा की गई थी, जिसमें ज्योतिष का पठन-पाठन कार्य शुरू किया गया। गुरु के बाद यह अठारहवां दीक्षांत समारोह है। संस्थान में पूजा पद्धति और ज्योतिष कक्षाओं का संचालन किया जा रहा है, जो व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में सहायक है, जिससे जातक भटकाव से बच सकता है।

स्वामी रामप्रवेश जी महाराज ने ज्योतिष को भगवान के नेत्रों के समान बताया और कहा कि सनातन परंपरा में जन्मों के कर्मफल का विचार किया जाता है। उन्होंने एक किस्से के माध्यम से ज्योतिष के प्रभाव को बताया। स्वामी जी ने प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का उदाहरण दिया, जब शिवपुरी के पास ज्योतिषियों द्वारा मना करने के बाद भी यात्रा की थी और दुर्घटना का सामना किया था। इसके बाद उन्होंने बताया कि किस तरह एक रानी गाय ने उनकी गाड़ी रोक दी, जिससे वे हादसे से बच गए। इस घटना ने उन्हें यह समझने का अवसर दिया कि ज्योतिष भी भगवान की कृपा से है, और गणना सही रहती है। स्वामी जी ने यह भी कहा कि ज्योतिष समाज सेवा और राष्ट्रहित के लिए है।

प्रक्षिणार्थी सुषमा दुरापे ने बताया कि राजेश मिश्र जी के नेतृत्व में ज्योतिष केंद्र ने ज्योतिष को घर-घर तक पहुंचाया है। यहां छात्रों ने पंचांग देखना, ग्रहप्रवेश, भाव, राशियां, दशा, महादशा, सूक्ष्मदशा और रत्नों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# होली खेले रघुवीरा...रंग बरसे भीगे चुनर वाली...पर जमकर धमाल मचाया एमवीएम के पूर्व छात्रों ने

**होली के गानों पर यादों के रंग बिखेरे एमवीएम के पूर्व छात्रों ने**

## जमकर थिरके एमवीएम के पूर्व छात्र, खेली चार क्विंटल फूलों से होली

**भोपाल।** भोपाल के शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन द्वारा महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में रविवार को पूर्व छात्र- छात्राओं ने 4 क्विंटल रंग बिरंगे फूलों के साथ जमकर होली खेली। शोले के गब्बर सिंह के डायलॉग होली कब है की थींम पर आधारित होली मिलन समारोह में पूर्व छात्र - छात्राओं ने *रंग बरसे भीगे चुनर वाली.... होली खेले रघुवीरा अवध में.....होली के दिन दिल खिल जाते है... आज न खेलेंगे बस हम होली....आदि होली के सदाबहार गीतों पर जमकर थिरकें। प्रारंभ में कार्यक्रम में पहुंचने पर पूर्व विद्यार्थियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम में ऑर्केस्ट्रा के होली पर आधारित फिल्मी गानों की प्रस्तुति हुई। जब होली के गाने हो रहे थे तब पूर्व विद्यार्थी पूरे उत्साह, उमंग के साथ फूलों से होली खेल रहे थे ।पूर्व विद्यार्थियों पर फूल भी बरसाएं जा रहे थे। इस आयोजन में कॉलेज से निकले अनेक



प्राध्यापक,शासन एवं पुलिस के अधिकारी, राजनेता, समाज सेवी, व्यवसायी पूर्व विद्यार्थी के रूप में शामिल हुए। सभी ने कॉलेज के दिनों की पुरानी यादों को ताजा किया और हंसते मुस्कुराते वही पुराने अंदाज में एक दूसरे के हाल जाने ।आयोजन समिति के संयोजक पूर्व छात्र डॉ . संतोष कटियार पूर्व छात्र ने बताया कि जब वे हॉस्टल में रहते थे तो कई कई दिन छात्रों के चेहरे से होली का रंग ही नही उतरता था ।गोखले और मालवीय हॉस्टल में जमकर होली खेली जाती थी।

पूर्व छात्र और एमवीएम एलुमिनी के अध्यक्ष श्री सतीश रायजादा ने बताया कि होली के बाद कॉलेज खुलने पर सभी विद्यार्थी रंग ,गुलाल से होली खेलते थे। इस दौरान कक्षाएं भी ऑटोमेटिक सस्पेंड हो जाती थी ।छात्रों पर कई दिन होली का खुमार छाया रहता। पूर्व छात्रा डॉ . रश्मि सक्सेना ने बताया कि उन्होंने 1985- 86 में एमएससी की, उस दौरान हम सहपाठियों के घर होली खेलने जाते और पकवानों का लुफ्त उठाते ।पूर्व छात्र और महासचिव श्री सुभाष व्यास ने बताया कि कैसे वे पहले से होली की प्लानिंग करते और हॉस्टल के छात्रों को घर जाने से पहले ही रंगों से सराबोर कर देते। पूर्व छात्र श्री अभय श्रीवास्तव ने बताया कि कॉलेज के दिनों में होली दस दिन पहले शुरू हो जाती थी।

# जज के घर में लगी आग की लपटों से न्यायपालिका झुलसी

दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा के घर में तब आग लगी, जब वह छुट्टी लेकर होली मनाने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल गए थे। दिल्ली स्थित निवास में होली के दिन उनके घर के स्टोर रूम पर आग लगी। यह घटना कई दिनों तक सामने नहीं आई। कई दिन बाद आग की घटना एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित हुई। तब जाकर हंगामा मचा। आग तो बुझ गई थी, लेकिन जज के घर की लगी आग की ठंडी राख में दबी चिंगारी से ऐसी लपटें उठीं, जिसकी चपेट में आकर पूरी न्यायपालिका ही धू-धू करके जलने लगी। जस्टिस यशवंत वर्मा का कहना है कि उनके खिलाफ साजिश रची गई है। जिस जगह आग लगी थी वह एक स्टोर रूम है। जो उनके निवास स्थान से काफी दूर है। इस स्टोर रूम के पास आउट हाउस बने हुए हैं। स्टोर में कबाड़ जैसा सामान रखा रहता था। वहां पर रोजाना बंगले में काम करने वाले लोग आते-जाते थे। जब वह लौट कर आए थे, तब वहां पर नोटों से संबंधित कोई निशान नहीं थे। ना ही उस समय उन्हें नोटों से संबंधित कोई बात बताई गई थी। जस्टिस यशवंत वर्मा इसे एक साजिश बता रहे हैं। मीडिया में जिस तरह से इस मामले का खुलासा हुआ है, न्यायमूर्ति वर्मा के गड़े मुर्दे जिस तरह से उखाड़कर मीडिया सामने लेकर आ रही है। जिस तरह से इस मामले को गोपनीय बनाकर रखा गया था। कई दिनों बाद फायर ब्रिगेड के अलग-अलग बयान आ रहे हैं। दिल्ली पुलिस ने मौन साध रखा है। सरकार ने भी पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। जस्टिस वर्मा के घर 15 करोड़ से लेकर 50 करोड़ रुपए तक की नगदी होने की बात मीडिया में प्रकाशित हो रही है। किसने नोट गिने, किसने नोट जप्त किये, दिल्ली पुलिस ने कब किसको सूचना दी। दिल्ली हाईकोर्ट ने कब सुप्रीम कोर्ट को सूचना दी। सुप्रीम कोर्ट को कब सूचना मिली। कब सुप्रीम कोर्ट ने कॉलेजियम की बैठक बुलाई। इन सभी मामलों में जिस तरह की चुप्पी सभी पक्षों ने साध रखी है। उससे न्यायपालिका की साख सड़कों पर तार-तार हो रही है। पिछले कुछ वर्षों से केंद्र सरकार द्वारा जिस तरह का दबाव न्यायाधीशों की नियुक्ति, ट्रांसफर-पोस्टिंग से लेकर कॉलेजियम बनाए जाने को लेकर रहा है। कॉलेजियम और सरकार के बीच में जिस तरह की तनातनी समय-समय पर देखने को मिली है। वर्तमान में सरकार का न्यायपालिका के ऊपर जिस तरह का दबाव है, वरिष्ठ अधिवक्ता प्रशांत भूषण सुप्रीम कोर्ट और अन्य न्यायपालिका के जजों के ऊपर किस तरह से सरकार का दबाव है। इसको लेकर समय-समय पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर देखने को मिला है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रंजन गोगोई और पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के कार्यकाल में जिस तरह के फैसले बाबरी मस्जिद, पेगासस, चुनाव आयोग, दिल्ली सरकार, बोफोर्स हिंडनबर्ग और अन्य मामलों में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के सामने आए हैं। उसको लेकर न्यायपालिका के कामकाज की समय-समय पर आलोचना होती रही है। हाल ही में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के संबंध, इलाहाबाद हाईकोर्ट से लेकर दिल्ली लाने के बीच में जोड़े जा रहे हैं। जिस शुगर फैक्ट्री में यशवंत वर्मा डायरेक्टर थे। सीबीआई की जांच चल रही थी, उस जांच को चंद्रचूड़ के आदेश से बंद किया गया था। यह सारे तथ्य न्यायपालिका की साख को तार-तार कर रहे हैं। इस मामले की जांच के लिये सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने तीन सदस्यों की एक आंतरिक जांच कमेटी बनाई है। जिसमें पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, हिमाचल के न्यायाधीश जीएस संधावालिया तथा कर्नाटक हाईकोर्ट के जज अनु शिवरामन की कमेटी को जांच करने की जिम्मेदारी दी हैं। दिल्ली हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने एक जांच रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट को सौंप दी है। इस मामले में दिल्ली पुलिस एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की भूमिका को लेकर भी, मीडिया जगत में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही हैं। मीडिया में जस्टिस लोया की मौत भी चर्चाओं में गई है।

## सुपर हिट ऑफ द वीक

श्रीमान जी एक पेड़ के नीचे उदास बैठे थे
क्या हुआ, उदास क्यों बैठे हो उनके एक दोस्त ने पूछा
क्या बताऊं यार, किसी ने कहा था कि पेड़ से हमें शीतल छाया मिलती है
मैं यहां पेड़ के नीचे तीन दिन से बैठा हूं,
लेकिन न तो शीतल आई और न छाया...!

# इंटरनेट और सुरक्षा

आज का युग तकनीकी युग है, हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। विकास का श्रेय मुख्यत: प्रौद्योगिकी और विज्ञान को जाता है। जब हम अतीत के बारे में सोचते हैं तो हमें याद आता है कि पहले के समय में चिट्ठियाँ किसी अपने की कुशलक्षेम पूछने के लिए भेजी जाती थीं। जब डाकिये की साइकिल की घंटी बजती थी तो हर गृहिणी को अपने सगे-संबंधियों की याद आती थी कि शायद उनका भी कोई पत्र आया होगा। जैसा कि हमने देखा, समय बदल गया और गांवों में शराब पीने का चलन भी बदल गया। सी। उन्होंने खोला. गांव में हर व्यक्ति अपने रिश्तेदारों के बीच शराब पीता है। सी। उन लोगों के नंबर बदल दिए गए। लोग आते-जाते रहे और पूछते रहे कि क्या उन्हें कोई कॉल आया है। इसके बाद तकनीक में और विकास हुआ और बहुत से पढ़े-लिखे और पूंजीपतियों ने अपने घरों में लैंडलाइन फोन लगवा लिए। इसी तरह संचार उपकरणों की पीढ़ी बढ़ी और मोबाइल फोन की नई पीढ़ी आ गई। मोबाइल फोन की तकनीक इतनी विकसित हो गई है कि हर दिन नए प्रकार के मोबाइल फोन बाजार में आ रहे हैं। जैसे-जैसे समय बीतता गया, संचार और तकनीक इतनी विकसित हुई कि इंटरनेट की मदद से मोबाइल फोन ने संचार को बहुत आसान बना दिया, जबकि कंप्यूटर के सभी कार्य मोबाइल फोन पर किए जाने लगे। वर्तमान समय में मोबाइल फोन और इंटरनेट का उपयोग इतना बढ़ गया है कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को इसकी लत लग गई है। सभी वर्ग के लोगों के लिए मोबाइल फोन के बिना एक दिन भी गुजारना असंभव हो गया है। अंतत:, इंटरनेट और मोबाइल फोन आज की मुख्य आवश्यकताओं में से एक हैं। यद्यपि इंटरनेट जैसी सुविधा ने मानव जीवन को अनेक लाभ पहुंचाए हैं, लेकिन इसने प्रत्येक व्यक्ति के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा के बारे में कुछ चिंताएं भी उत्पन्न की हैं। आज के आधुनिक युग में, हर कोई आमतौर पर सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीरें, वीडियो आदि अपलोड करता है। लेकिन कई शरारती तत्व किसी की तस्वीरों और वीडियो का दुरुपयोग करते हैं, खासकर लड़कियों की तस्वीरों का। जो कि पूर्णत: अवैध है। कुछ लोगों द्वारा किए गए ऐसे कृत्यों के कारण कभी-कभी लड़की और उसके परिवार को बहुत कुछ सहना पड़ता है और कभी-कभी तो बात आत्महत्या तक पहुंच जाती है। इसके अलावा साइबर स्पेस में आर्थिक धोखाधड़ी और वित्तीय घोटाले की खबरें आम हैं। कई साइबर अपराधी दिमागी खेल के माध्यम से लाखों रुपए के कारोबार पर कब्जा कर लेते हैं। अब यहां पर विचार करने वाली बात यह है कि इन बेहद साफ-सुथरी धोखाधड़ी पर नियंत्रण कैसे किया जाए। जहां तक मेरा मानना है, इसका समाधान केवल दो हाथों में है। एक तो स्वयं जनता और दूसरी सरकारें। हम सभी को अपना व्यक्तिगत डेटा निजी रखने की आवश्यकता है, यदि सोशल मीडिया पर चित्र अपलोड किए जा रहे हैं तो सुनिश्चित करें कि कोई भी आपके चित्रों का दुरुपयोग न करे। इसके अलावा, यदि आप अपने फोन से ई-बैंकिंग जैसी सुविधाओं का भी लाभ उठा रहे हैं, तो सुनिश्चित करें कि आपके बैंक खाते की जानकारी और डेबिट या क्रेडिट कार्ड का पासवर्ड किसी के साथ साझा न किया जाए। इसके अलावा सरकारों को साइबर सुरक्षा को भी ध्यान में रखना चाहिए, साइबर अपराधियों को कड़ी सजा देनी चाहिए तथा लोगों के व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि लोग बिना किसी डर के और अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए तकनीकी सुविधाओं का लाभ उठा सकें।

# कहो तो कह दूं: सुरा प्रेमियों को ऐसे विधायक का नागरिक अभिनंदन करना चाहिए...

**चैतन्य भट्ट**

लोग बात कहते हैं कि राजनेताओं को जनता की चिंता नहीं रहती एक बार जब वे चुनाव जीत जाते हैं फिर जनता के हाल क्या है उससे उनका कोई लेना देना नहीं होता, लेकिन कर्नाटक विधानसभा में जनता दल सेक्युलर के एक विधायक एमपी कृष्णा ने अपने प्रदेश के शराब प्रेमियों की भारी चिंता करते हुए विधानसभा में मांग कर दी कि सरकार महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपए दे रही है ,मुफ्त में बिजली दे रही है, फ्री फोकट में बस यात्रा करवा रही है जब महिलाओं पर इतनी कृपा है तो फिर शराब प्रेमियों से इतनी नफरत क्यों ? आफ्टर आल वे भी आखिर इंसान है और आपका खजाना भरने में उनका बहुत बड़ा योगदान है, अगर ये ठान लें कि उन्हें दारू नहीं पीना है तो देखते देखते आपके खजाने की वाट लग जाएगी और आप किसी को पंजी भी नहीं दे पाएंगे, इसलिए उन्होंने विधानसभा में खुले आम इस बात की मांग कर दी कि प्रदेश में जितने भी दारू खोर है उनको हर हफ्ते में दो बोतल शराब सरकार की तरफ से मिलना चाहिए। सारी सुविधाएं क्या सिर्फ महिलाओं के लिए है पुरुषों का भी कुछ ना कुछ अधिकार तो है और फिर उनके लिए भी तो कुछ न कुछ करना बहुत ही जरूरी है जिनके दम पर सरकार का सारा बजट निर्भर करता है । उनका कहना है कि जिस दिन दारूखोर दारू पीना बंद कर देंगे सरकारें दाने दाने को मोहताज हो जाएंगी इसलिए ऐसे लोगों के लिए सरकार को कुछ न कुछ सोचना होगा और इसका सबसे सरल उपाय है कि हर पीने वाले को हर हफ्ते दो बोतल सरकार की तरफ से दी जाए। कितनी सहानुभूति है इस विधायक को शराब प्रेमियों से, अब ये शराब प्रेमियों का कर्तव्य है कि ऐसे विधायक को जिंदगी में कभी ना चुनाव हारने दें वो जहां से भी उम्मीदवारी दर्ज करें वहां एक तरफा जीत दिलाने में ये शराब प्रेमी अपनी पूरी की पूरी जान लगा दे । ऐसे महान विधायक का नागरिक अभिनंदन करने पर भी विचार इन शराब प्रेमियों को करना चाहिए क्योंकि कोई तो है जो उनकी सुध ले रहा है वरना सरकारें तो एक तरफ पिलाती हैं और दूसरी तरफ अगर कोई पिए हुए सड़क पर मिल जाता है तो उस पर कार्यवाही उसे कर देती है। भाई जब आप पिला रहे हो और सामने वाला पी रहा है तो पी के कहीं ना कहीं तो जाएगा दुकान में भी पिएगा तो घर तो जाएगा अब रास्ते में आप उसको पकड़ लो ये तो नाइंसाफी है ।कर्नाटक के सुरा प्रेमियों को अपनी एक ही सलाह है कि इस विधायक को हर तरफ से बधाई संदेश और आशीर्वाद भेजिए और ईश्वर से प्रार्थना कीजिए कि विधानसभा में यह मुद्दा पास हो जाए और हर हफ्ते दो बोतल फ्री फोकट में मिलने लगें। वैसे इन महान विधायक की बात में दम तो है जब सबको बांट रहे हो तो फिर दारु प्रेमियों को क्यों डांट रहे हो, वे भी आपके ही प्रदेश के नागरिक है उनका भी आप पर उतना ही अधिकार है जितना महिलाओं का है, उन्होंने भी उतने ही वोट दिए हैं जितने महिलाओं ने दिए होंगे तो फिर सिर्फ महिलाओं के लिए ही इतनी दरिया दिली क्यों दिखाई जा रही है उनके प्रति भी तो थोड़ी बहुत सोच रखना चाहिए सरकारों को, शायद यही कारण है के इन विधायक महोदय ने ऐसी मांग कर डाली। अपने को तो लगता है कि ये विधायक जी भी पहले कभी शराब प्रेमी रहे हों हो सकता है अब ना पीते हो क्योंकि शराबियों के प्रति इतनी सहानुभूति वही रख सकता है जो खुद गले में पैग उड़ेलता होगा, वरना समाज तो इनको हेय दृष्टि से देखता है वैसे अगर सरकार हर हफ्ते दो बोतल देने में असमर्थ है तो हर दारुखोर से पूछ ले कि वो महीने में कितनी दारू कंज्यूम करता है उस हिसाब से उनको बांट दो ,एक बात और बतला दें हम कर्नाटक सरकार को, कि जो भी दल ये घोषणा कर देगा वो ताजिंदगी सत्ता के सिंहासन पर बैठा ही रहेगा इसमें कोई शक की गुंजाइश नहीं है।



## भाई वे नेता है

एक खबर अखबार में आई है कि देश की सबसे चर्चित जांच एजेंसी ईडी जो कहीं भी छापा मार देती है उसने पिछले दस वर्षों में सांसदों विधायकों और नेताओं के खिलाफ केस दर्ज किए थे जिनकी संख्या ,193 बताई जाती है लेकिन मजे की बात है कि इन 193 केसों में से सिर्फ और सिर्फ दो मामलों में ही दोष सिद्ध हो पाया है । लोग बात कह रहे हैं कि ये कैसी ईडी है 193 केस दर्ज किए हैं और सिर्फ दो में दोष सिद्ध हो पाया ,तो भैया ये भी तो सोचो कि इस एजेंसी ने उनके खिलाफ केस दर्ज किए थे जो सरकार चलाते हैं सांसद थे, विधायक थे, नेता थे इन शक्तिशाली लोगों से कौन सी जांच एजेंसी पंगा ले सकती है, फॉर्मेलिटी करना है तो कर लेती है उसको भी मालूम है कि रहना उनके ही अंडर में है आज ये हैं तो कल दूसरे आ जाएंगे परसों फिर ये आ जाएंगे इसलिए इन सब से दुश्मनी मोल लेना ठीक नहीं है, लेकिन जब एजेंसी बनी है तो कुछ ना कुछ तो करना ही पड़ेगा सो दर्ज कर लेते हैं अखबारों में बड़ी-बड़ी खबरें छप जाती है कि अमुक अमुक के खिलाफ ईडी ने केस दर्ज कर लिया लेकिन आम जनता को भी अच्छे से मालूम है कि किसी का कुछ नहीं बिगड़ने वाला, ईडी भी जानती है कि हम भले ही केस दर्ज कर ले लेकिन उसे अंजाम तक नहीं पहुंचा पाएंगे और जो ज्यादा उठा पटक करने की सोचेगा उसको यहां से वहां उठाकर पटक दिया जाएगा इसलिए एजेंसी को दोष देने से कुछ नहीं होने वाला। सांसद, विधायक, नेता तो कलयुग में भगवान माने जाते हैं पांच साल जनता उनके दरवाजे पर हाथ जोड़कर खड़ी रहती है अब जो इतने पावरफुल हैं उनका ईडी, सीबीआई या इनकम टैक्स कुछ नहीं बिगाड़ सकती कितने ही मामले अखबारों की सुर्खियां बनते हैं लेकिन उनका अंत क्या होता है ये ना एजेंसी को पता लगता है और ना ही आम जनता को। वैसे भी कहा गया है समरथ को नहीं दोष गोसाई यानी जो समर्थ है उसको कोई दोष नहीं लगता और आज की तारीख में सांसद हो, विधायक हो या नेता हो उनसे ज्यादा समर्थ कौन है किसी के पास इसका जवाब नहीं है।

## कर्ज ही कर्ज

पता चला है कि मध्य प्रदेश में विधायकों को घर और गाड़ी लेने के लिए अभी तक जितना कर्ज मिलता था वो अब दोगुना हो गया है उस पर सरकार उन्हें अनुदान भी देगी यानी जो ब्याज लग रहा है उसका बहुत सा हिस्सा सरकार अपनी जेब से देगी। आजकल कर्ज लेने का एक फैशन सा चल गया है हर आदमी लोन ले लेकर सामान खरीद रहा है और हर महीने ईएमआई चुका रहा है हर घर में टीवी, फ्रिज, मोबाइल वाशिंग मशीन,कार स्कूटर आपको मिल जाएगी और ये तमाम चीज लोन से ही खरीदी जाती हैं कोई नगद पैसा नहीं देता सरकार खुद कर्ज पर कर्ज लिए पड़ी है अब जब सरकार खुद कर्ज ले रही है तो फिर उसे विधायकों को कर्ज देने में क्या दिक्कत है? आजकल गाड़ियों की और मकान की कीमत भी तो बढ़ गई है पहले जो गाड़ी चार पांच लाख में आ जाती थी वो पंद्रह और बीस लाख में आ रही है मकान पचास साठ लाख से कम में मिलने तैयार नहीं है, अब ऐसे विकट समय में उनके लिए कर्ज का दायरा नहीं बढ़ाया जाएगा तो फिर कब बढ़ाया जाएगा । विधायक अपने प्रतिनिधि होते हैं और जरूरी है कि उनके पास अच्छा घर हो, अच्छी गाड़ी हो तब तो लगेगा कि हां ये नेता है वरना साइकिल पर चलने वाले नेता को कौन पूछता है, जो जितनी महंगी गाड़ी में घूमेगा जितने बड़े बंगले में रहेगा वो उतना बड़ा नेता माना जाएगा, अब इसके लिए सरकार तो बैठी है एक बार विधायक बन जाओ गाड़ी भी ले लो, मकान भी ले लो, लोन भी ले लो और सरकार से अनुदान भी ले लो मतलब सिर्फ लेना ही लेना है देना कुछ नहीं, यही कारण है कि हर आदमी विधानसभा की टिकट चाहता है।

# दादी-नानी की गोद से विश्व मंच तक कहानियां

**जब शब्द नृत्य करते हैं, भावनाएं जागती हैं, और समय की धारा में एक जादुई चित्र उभरता है-तब जन्म लेती है एक कहानी। हर साल 20 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व किस्सागोई दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस अनमोल परंपरा का उत्सव है जो मानव सभ्यता की नींव में बसी है। कहानियां सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं होतीं, वे समय की नदी में बहती जादुई लहरें हैं, जो सुनने वाले को एक अनदेखे सफर पर ले जाती हैं और कहने वाले के मन को अभिव्यक्ति का आकाश देती हैं।**

यह दिन हमें याद दिलाता है कि हमारा वजूद, हमारी पहचान और हमारा इतिहास-सब कुछ कहानियों के रंगीन धागों से बुना गया है। चाहे वह दादी-नानी की गोद में सुनी लोककथाएं हों, किताबों में दर्ज ऐतिहासिक गाथाएं हों, हर कथा जीवन को समझने की नई दृष्टि देती है।

विश्व किस्सागोई दिवस एक ऐसा अनुपम उत्सव है, जो कहानियों के अलौकिक आकर्षण को केंद्र में लाता है और मानव सभ्यता की अनमोल विरासत को संजोते हुए सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बनता है। इसकी नींव 1991 में स्वीडन में पड़ी, जब इसे 'राष्ट्रीय किस्सागोई दिवस' के रूप में मनाया गया; कालांतर में 2001 में यह 'विश्व किस्सागोई दिवस' के रूप में वैश्विक मंच पर स्थापित हो गया। यह दिन मौखिक कथाओं और लोकसाहित्य की असीम शक्ति का उत्सव है, जहां हर साल एक नई थीम-2025 में 'गहरा पानी'-कथाकारों को प्रेरित करती है। इस थीम के अंतर्गत वे संकट की घड़ियों, जल के रहस्यमय संसार या सागर की अथाह गहराइयों से कथाएं गढ़ते हैं।

कहानी कहना मानवता की सबसे पुरानी कला है। जब हमारे पूर्वज गुफाओं में आग के चारों ओर बैठते थे, तब भी वे अपने अनुभवों को कहानियों में ढालते थे। उन कहानियों ने न केवल उनका मनोरंजन किया, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को जीवन के सबक, नैतिकता और साहस की प्रेरणा दी। आज एक मां अपने बच्चे को सोते वक्त जो कहानी सुनाती है, वह सिर्फ नींद लाने का जरिया नहीं होती-वह उसके कोमल मन में सपनों के बीज बोती है। एक लेखक जो अपनी किताब में समाज की सच्चाई उकेरता है, वह पाठक के विचारों को झकझोर देता है। कहानी केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि एक दर्पण है जो हमें हमारा अतीत दिखाता है, एक खिड़की है जो भविष्य की झलक देती है, और एक पुल है जो हमें एक-दूसरे से जोड़ता है।

डिजिटल युग ने कहानियों को नए पंख दिए हैं। पहले जो किस्से गांव के चबूतरे पर या अलाव की गर्माहट में सुनाए जाते थे, वे आज पॉडकास्ट की आवाज, वेब सीरीज़ के दृश्यों और सोशल मीडिया के छोटे-छोटे वीडियो में जीवंत हो उठे हैं। टेक्नोलॉजी ने कहानी कहने के तरीके को बदला है, लेकिन उसकी आत्मा को नहीं छुआ। आज भी एक अच्छी कहानी सुनते ही हमारा मन उसमें खो जाता है, हमारी आंखों के सामने चित्र उभरने लगते हैं, और हमारा दिल भावनाओं की लहरों में डूब जाता है। कहानी की वह ताकत अब भी बरकरार है जो हमें हंसाती है, रुलाती है, और सोचने पर मजबूर करती है।

इतिहास गवाह है कि कहानियों ने समाज को बदलने में अहम भूमिका निभाई है। महाभारत और रामायण जैसी पौराणिक कथाएं हमें धर्म और कर्म का पाठ पढ़ाती हैं, तो मुंशी प्रेमचंद की कहानियां हमें गरीबी और अन्याय की कड़वी सच्चाई से रूबरू कराती हैं। भगत सिंह की डायरी के पन्ने और गांधी जी की आत्मकथा हमें आजादी के संघर्ष की कहानी सुनाते हैं, जो आज भी युवाओं में जोश भर देती हैं। एक कहानी नायक को जन्म दे सकती है, एक क्रांति को प्रज्वलित कर सकती है और एक समाज को नई दिशा दे सकती है। जब मार्टिन लूथर किंग ने अपने सपनों की कहानी सुनाई, तो उसने नस्लवाद के खिलाफ एक आंदोलन खड़ा कर दिया।

आज का यह दिन हमें यह भी याद दिलाता है कि हर इंसान के भीतर एक अनकही कहानी छिपी है। आपकी जिंदगी का वह छोटा-सा किस्सा, जो आपको हंसाता है, या वह अनुभव, जो आपको रुला देता है-वह भी एक कहानी है। इस दिन हम यह संकल्प ले सकते हैं कि हम अपनी कहानियों को दुनिया के सामने लाएंगे। एक बच्चे को लोककथा सुनाएंगे, एक दोस्त के साथ अपने जीवन का कोई यादगार पल साझा करेंगे, या अपनी संस्कृति की गाथाओं को अगली पीढ़ी तक पहुंचाएंगे।

कहानी सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं, यह अनुभवों का उजाला है-एक रोशनी, जो न केवल हमारे भीतर के अंधेरे को मिटाती है, बल्कि दूसरों के जीवन में भी उजाला भरती है।

# इंसानियत की जगह

**आज दुनिया के हर देश में लोप होती जा रही मानवीयता के चलते वास्तव में किसी मनुष्य को खोज पाना काफी मुश्किल होता जा रहा है। मगर इसके लिए जरूरी है कि हम मनुष्य होने के बुनियादी तत्त्वों की पहचान कर सकने में सक्षम हो सकें। अगर इंसानियत के तकाजे के मुताबिक देखें तो वास्तव में मनुष्य कहे जाने वाले लोगों की संख्या बेहद कम होती जा रही है। कोई भी क्षेत्र हो, वहां इंसानियत से लैस इंसान नहीं मिलते हैं। अगर कहीं कोई भला आदमी दिख जाता है, तो उसे मूर्ख या दुनियादारी का पागल करार दे दिया जाता।**

आज हर क्षेत्र की आपाधापी और बेलगाम दौड़ में, प्रतिस्पर्धा के इस दौर में मनुष्य दिखाई नहीं देते। किसे हम मनुष्य कहें, यह प्रश्न पैदा होता है ।जिसमें अन्य के प्रति दया और परोपकार का भाव हो, मुसीबत या कठिनाइयों से घिर जाने पर परस्पर निस्वार्थ सहयोग की भावना हो, जिसमें सत्य, अहिंसा, त्याग, दया, प्रेम, शुद्धता, नैतिकता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के भावों से युक्त मनुष्यत्व हो, उसे मनुष्य कहा जा सकता है। भूमध्य सागर के तट पर बसे यूनान की राजधानी एथेंस सुकरात जैसे दार्शनिक और उनके शिष्य प्लेटो की जन्म भूमि रही। वहां का एक प्रसंग बेहद महत्वपूर्ण है ।एक दिन एक दार्शनिक संत डायोनिसिस दिन के उजाले या तेज धूप में लालटेन लेकर कुछ ढूंढ़ते हुए जा रहे थे, तो उन्हें देख कर धीरे-धीरे कुछ लोगों की भारी भीड़ इकट्ठा होती गई। चौराहे पर जब वे पहुंचे तो भीड़ ने उन्हें घेर लिया। भीड़ में से एक मनचले ने उनसे पूछा कि दिन की इस तेज धूप में जलती लालटेन लेकर तुम क्या ढूंढ़ रहे हो । संत ने उत्तर दिया कि मैं मनुष्य को ढूंढ़ रहा हूं, इंसान को ढूंढ़ रहा हूं। एक उद्दंड व्यक्ति ने कहा कि क्या हम तुम्हें इंसान दिखाई नहीं देते। इस पर डायोनिसस ने कहा कि नहीं, तुम मानव नहीं हो... तुममें से तो कोई किसी का स्वामी है, दास है, पिता है, बेटा है, नेता है, पदाधिकारी, रसूखदार है, अंध धार्मिक है, लेकिन मनुष्य नहीं है; मैं मनुष्य और उसकी मानवीयता को ढूंढ़ रहा हूं । इंसानियत और मानवीयता की चाह में हर सामान्य आदमी को अपने और पराए स्वत्व की रक्षा के लिए संभल कर ही चलना होगा, क्योंकि धुरीहीनता संगठन के हर क्षेत्र व्याप्त है और मतलबपरस्तों की काई हर ताल तलैया पर जम चुकी है। हर जगह विवेकहीन भीड़ दिखती है, जो न तो कुछ वास्तविक संदर्भ समझ पाती है, न उसके मुताबिक अपनी प्रतिक्रिया दे पाती है। अब नारे-उ - जलूस और सभाओं से आम आदमी की आस्था उठ गई है ।

वह इनमें राजनीतिक स्वार्थ और आचरण की मक्कारी देख रहा ।जबकि आज एक व्यवस्था में रहते हुए मनुष्य का जीवन राजनीतिक ढांचे से ही तय होता है। दूसरी ओर, ऐसी भीड़ खड़ी हो रही है, या कहें कि भीड़ खड़ी की जा रही है, जिसे वैसे मुद्दों से कोई वास्ता नहीं, जो मानवीयता को बचाने की मांग करते हों ।उसे सिर्फ वह उन्माद प्यारा लगने लगा है, जिसमें डूब कर वह वैसी सारी समस्याओं को भूल जाए, जो उसकी और समूचे समाज और देश को प्रभावित करती हों । उसकी जिंदगी की गुणवत्ता निम्नतर हो जाए, लेकिन वह अफवाह और आक्रामकता के प्रभाव में जीना पसंद करने लगता ।दरअसल, मनुष्य और मानवीय मूल्यों के प्रति निष्ठा का जहां अभाव हो जाता है, वहां किसी की वाणी भी अर्थहीन हो जाती है ।यह विडंबना है कि आज मानव मूल्यों का इतना पतन होता जा रहा है कि समस्याओं के प्रति हमारी संवेदनाएं कुंद हो गई लगती हैं ।इसी का परिणाम है कि हम स्थितियों को सही संदर्भ, ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में देखने की क्षमता खोते जा रहे हैं और परस्पर किसी भी व्यक्ति, राष्ट्र या समाज की अस्मिता पर चोट करने से बाज नहीं आते। सामाजिक और मानवीय व्यवहार भूलकर व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं या अनुशासन की आड़ में एकाधिकारशाही थोपने लग जाते हैं। अपनी ठिठुरन दूर करने के लिए दूसरों को मिटाकर उनकी आग में हम अपनी ठंडक को मिटाने लग जाते हैं। हम मनुष्य जन्म लेने भर से यह समझने लगते हैं कि हम मनुष्य हैं। जबकि सही बात तो यह है कि हमारे कर्म, व्यवहार, सद्भावना, कामना और सदाचार की भावना से प्रेरित क्रियाकलाप ही हमें मनुष्य बनाने का आभास कराते हैं।

# लुप्त होती हरियाणा की अनमोल विरासत रागनी कला

**जब शब्द नृत्य करते हैं, भावनाएं जागती हैं, और समय की धारा में एक जादुई चित्र उभरता है-तब जन्म लेती है एक कहानी। हर साल 20 मार्च को मनाया जाने वाला विश्व किस्सागोई दिवस केवल एक तारीख नहीं, बल्कि उस अनमोल परंपरा का उत्सव है जो मानव सभ्यता की नींव में बसी है। कहानियां सिर्फ शब्दों का संग्रह नहीं होतीं, वे समय की नदी में बहती जादुई लहरें हैं, जो सुनने वाले को एक अनदेखे सफर पर ले जाती हैं और कहने वाले के मन को अभिव्यक्ति का आकाश देती हैं।**

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

हरियाणवी लोकसंस्कृति का एक महत्वपूर्ण अंग रागनी आज विलुप्ति के कगार पर है। मनोरंजन के आधुनिक साधनों के आगमन और बदलते सामाजिक परिवेश के कारण यह कला पिछड़ती जा रही है। यदि समय रहते इसके संरक्षण के प्रयास नहीं किए गए, तो आने वाली पीढ़ियों को यह विरासत केवल किताबों में ही देखने को मिलेगी। रागनी के लुप्त होने का मुख्य कारण आधुनिक जीवनशैली, व्यवसायिक कमी और नई पीढ़ी की बदलती रुचि है। इसे बचाने के लिए डिजिटल प्लेटफार्मों पर प्रचार, शिक्षा में लोककला को शामिल करना और लोक कलाकारों को आर्थिक सहयोग देना ज़रूरी है। यदि सही क़दम नहीं उठाए गए, तो यह अनमोल धरोहर धीरे-धीरे गुम हो जाएगी।

हरियाणा की लोकसंस्कृति में रागनी एक महत्वपूर्ण कला है, जो समय के साथ धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। यह न केवल मनोरंजन का माध्यम रही है, बल्कि सामाजिक संदेश देने, वीर रस जगाने और लोक इतिहास को संजोने का एक प्रभावशाली ज़रिया भी रही है। हरियाणा की रागनी न केवल मनोरंजन का एक सशक्त माध्यम रही है, बल्कि समाज सुधार की दिशा में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। यह लोककला सिर्फ़ संगीत नहीं, बल्कि एक आंदोलन रही है, जिसने लोगों को जागरूक किया, बुराइयों के खिलाफ खड़ा किया और समाज को एक नई दिशा देने का प्रयास किया। हरियाणवी रागनी लोकसंस्कृति का अभिन्न अंग रही है और इसके प्रचार-प्रसार में जाहरवीर कल्लू खां, अजीत सिंह गोरखपुरिया, दयाचंद लांबा, राजेंद्र खड़खड़ी, जसमेर खरकिया, सुरेंद्र भादू, सूरजभान बलाली, मामन खान, सतीश ठेठ, कविता कसाना के साथ-साथ और भी कई महान कलाकारों का योगदान रहा है। आज भी कई युवा कलाकार रागनी को आगे बढ़ा रहे हैं और इसे डिजिटल मंचों के माध्यम से नई ऊँचाइयों तक ले जाने का प्रयास कर रहे हैं। हरियाणवी रागनी को जीवित रखने में संदीप सरगथलिया, वीर सिंह फौजी, धर्मवीर नागर, राजबाला, मास्टर छोटूराम बड़वा जैसे कई कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इनकी मेहनत और समर्पण से यह लोककला आज भी जीवित है, हालाँकि इसे और संरक्षण और प्रोत्साहन की ज़रूरत है। रागनी हरियाणवी लोकगीतों और कविताओं का एक विशिष्ट रूप है, जिसे मुख्य रूप से हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्सों में गाया जाता है। इसमें वीरता, प्रेम, भक्ति, सामाजिक मुद्दों और ऐतिहासिक घटनाओं का चित्रण किया जाता है। पहले यह कला अखाड़ों और मेलों में बहुत लोकप्रिय थी, जहाँ गायक अपनी आवाज़ और जोश के साथ लोगों को मंत्रमुग्ध कर देते थे। रागनी के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और समानता पर ज़ोर दिया गया। कई लोकप्रिय रागनियों में बाल विवाह, दहेज प्रथा और महिलाओं पर अत्याचारों का विरोध किया गया है। बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ जैसे संदेशों को रागनी ने जन-जन तक पहुँचाया। हरियाणवी समाज में जातिगत भेदभाव को ख़त्म करने और समानता का संदेश देने में रागनी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। कई प्रसिद्ध रागनियों ने बताया कि सभी मनुष्य समान हैं और कर्म को जाति से ऊपर रखना चाहिए। रागनी के माध्यम से शराब, जुए और अन्य नशों की लत से बचने के संदेश दिए गए। कलाकारों ने इन बुराइयों को जड़ से उखाड़ने के लिए प्रेरक गीत गाए। उदाहरण- सुणले रे छोरे, बीड़ी-सिगरेट मत पीजा, तन्ने मां-बाप सूँ किट्टे तै प्यारा (एक रागनी जिसमें धूम्रपान के नुक़सान बताए गए हैं) । हरियाणा की ग्रामीण जनता के लिए रागनी एक ताकत बनी। इसमें किसानों की समस्याओं, मजदूरों के अधिकारों और सरकार से उनकी माँगों को जोरदार तरीके से उठाया गया। उदाहरण- कई रागनियों में किसान आंदोलनों, फ़सल के सही दाम और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए गए हैं।

ब्रिटिश राज के दौरान रागनी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए एक प्रभावशाली हथियार बनी। लोकगायक अपनी रचनाओं के माध्यम से जनता में देशभक्ति की भावना भरते थे और अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह का आह्वान करते थे। आज के दौर में भी रागनी समाज सुधार का माध्यम बनी हुई है। डिजिटल मीडिया और मंचों पर युवा कलाकार सामाजिक मुद्दों पर रागनी प्रस्तुत कर रहे हैं। हरियाणवी लोकसंस्कृति की पहचान रागनी समय के साथ लुप्त होती जा रही है। कभी गाँवों के चौपालों, मेलों और अखाड़ों में गूँजने वाली यह कला अब केवल कुछ पुराने कलाकारों और रसिकों तक सीमित रह गई है। इसके लुप्त होने के पीछे कई सामाजिक, सांस्कृतिक और तकनीकी कारण ज़िम्मेदार हैं। पहले के समय में गाँवों में बैठकर बुज़ुर्ग अपनी अगली पीढ़ी को लोकगीत और रागनी सिखाते थे, लेकिन अब यह परंपरा समाप्त हो रही है। लोकगीतों और रागनी को नयी शैली में ढालने का प्रयास कम हुआ है, जिससे यह लोगों के लिए कम प्रासंगिक हो गई है। नवीन मनोरंजन साधनों टीवी, इंटरनेट और पॉप संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण युवा पीढ़ी लोककला से दूर होती जा रही है। आधुनिक संगीत उद्योग में रागनी को वह स्थान नहीं मिला जो अन्य संगीत शैलियों को मिला है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राकेश व्यास द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप , 11 प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन -1 , एमपी नगर , भोपाल - 462011 ( मप्र ) से मुद्रित एवं प्लाट नम्बर 3, साई दिशा कॉम्प्लेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल ( म.प्र. ) से प्रकाशित। प्रधान संपादक राकेश व्यास, मो : - 09977701999, समूह संपादक सुनील दत्त तिवारी, मो :- 9713 289999, संपादक- ऋषिकान्त सिंह ( रजत ) परिहार , मो :- 09425002527, फोन: 0755-4222349, ईमेल आईडी: madhyaswarnim@gmail.com समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार होंगे। आरएनआई रजिस्टर्ड क्रमांक:- MPHIN/2013/52452

# भगवान आदिनाथ स्वामी के जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव में मिला मुनि एवं आर्यिका संघ का सानिध्य

## चांदी की पालकी में विराजमान भगवान आदिनाथ का भव्य चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों से निकाला गया



गंज बासौदा (मध्य स्वर्णिम)।

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ स्वामी का जन्म महोत्सव नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्व प्रथम स्थानीय श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर गांधी चौक से चांदी की पालकी में विराजमान करके भगवान आदिनाथ स्वामी का चल समारोह प्रारंभ हुआ। चल समारोह में सबसे आगे ऐरावत हाथी फिर विज्ञान रथ चल रहे थे। विज्ञान रथ के पीछे अश्व रथ चल रहे थे जिस पर इंद्र और इंद्राणी सवार थे। चल समारोह में अष्ट प्रातिहार्य और जैन पाठशाला के छोटे बच्चों द्वारा तैयार की गई झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। नगर के प्रमुख सेवादल अपने अपने दिव्य घोष के साथ गुंजायमान करते हुए चल रहे थे। जैन समाज के महिला मंडल भी अपनी अपनी प्रस्तुतियां देकर चल समारोह के साथ चल रही थी। वही पीछे चल रही भजन मंडली के साथ श्रद्धालु भी झूमते गाते नजर आए। श्रद्धालुओं के आगे आगे चांदी की पालकी में विराजमान भगवान आदिनाथ स्वामी चल समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे। विमान जी के पीछे पीछे मुनि श्री विमल सागर जी महाराज एवं मुनि श्री अनंत सागर जी महाराज एवम् आर्यिका सृष्टिभूषण माता जी ससंघ विहार कर रहीं थीं।

भव्य चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गों सावरकर चौक, जय स्तंभ चौक, सुभाष चौक से महावीर मार्ग होते हुए भगवान महावीर विहार पहुंचा। जैन समाज के धर्मालंबियों ने अपने घरों के आगे रंगोली बनाकर और भगवान की आरती करके भक्ति प्रकट की। वही नगर के प्रमुख मार्गों में बड़े बड़े स्वागत द्वार भी सजाए गए। स्थानीय महावीर विहार में मुनि संघ एवम् आर्यिका संघ के सान्निध में भगवान का मस्तकाभिषेक एवं शांतिधारा की गई। मुनि संघ की वाणी से अमृतमय प्रवचन सुनने का लाभ उपस्थित जन समुदाय को प्राप्त हुआ। स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं यातायात की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई।

# कलेक्टर ने शीतला माता मंदिर पहुंचकर मेले की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

## नगर निगम एवं जिला पंचायत के माध्यम से की जायेगी प्रकाश व्यवस्था

ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।



नवदुर्गा के अवसर पर शीतला माता मंदिर पर लगने वाले भव्य मेले की व्यवस्थाओं का कलेक्टर रुचिका चौहान ने नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं विभागीय अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर चौहान ने कहा है कि नवरात्रि के अवसर पर शीतला माता मंदिर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण माता के दर्शन के लिये आते हैं। दर्शन के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो, इसके लिये सभी प्रबंधन समय रहते पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान देर रात तक श्रद्धालु मंदिर पहुँचते हैं। मंदिर पहुँचने के मार्ग पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो, इसके लिये नगर निगम अपने क्षेत्र में एवं पंचायत अपने क्षेत्र में प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मंदिर परिसर में भी आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसका भी विशेष ध्यान दिया जाए। कलेक्टर चौहान एवं नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने शीतला माता मंदिर पहुँचकर माता के दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मंदिर प्रबंधकों से भी चर्चा कर मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली और कहा कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिये मंदिर प्रशासन भी हर संभव उपाय करे। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिर परिसर के आस-पास श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये शौचालय आदि की व्यवस्था को भी समय रहते पूर्ण कर लिया जाए। कलेक्टर रुचिका चौहान ने कहा कि मेले के दौरान सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए जायेंगे। मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त नगर निगम मुनीष सिकरवार सहित निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे।

# एमपी ट्रांसको के फ्रंट लाइन कार्मिक हैं कनिष्ठ अभियंता : एम डी इंजी सुनील तिवारी

## कनिष्ठ अभियंता उच्च अधिकारियों और फील्ड के कर्मियों के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं

जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।



जबलपुर में आयोजित कनिष्ठ अभियंताओं के प्रदेश स्तरीय तकनीकी समागम को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) के प्रबंध संचालक इंजीनियर सुनील तिवारी ने कहा कि कनिष्ठ अभियंता उच्च अधिकारियों और फील्ड के कर्मियों के बीच की एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो फ्रंटलाइन कार्मिक के रूप में कार्य करते हैं। तरंग ऑडिटोरियम में आयोजित हुए इस समागम में उन्होंने कहा कि कनिष्ठ अभियंता एमपी ट्रांसको की धुरी हैं और राष्ट्रीय स्तर पर कंपनी की हर उपलब्धि में इनका विशिष्ट योगदान रहता है। उन्होंने उपस्थित कनिष्ठ अभियंताओं का आह्वान करते हुए कहा कि सभी कंपनी की जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी को ध्यान में रखकर सतर्कता ,सजगता, पूर्ण मनोयोग व आत्मविश्वास के साथ मेंटेनेंस कार्य करवाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में तेजी से बदल रही तकनीकों से सामंजस्य बना कर ही वे बेहतर इंजीनियर बनकर अपना उत्तरदायित्व निभा सकते हैं। उन्होंने कनिष्ठ अभियंताओं की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि जबलपुर में आयोजित हुई प्रशिक्षण कार्यशालाओं के कारण उनकी कार्य कुशलता, सोच, समर्पण में अद्भुत सुधार आया है।

राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने तथा टीबी को समाप्त करने के चलाया जा रहा अभियान

# निक्षय शिविर अभियान के अंतर्गत 50 मरीजों को पोषण आहार किट वितरित

जबलपुर (मध्य स्वर्णिम)।



राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने तथा टीबी को समाप्त करने के प्रयासों को और अधिक गति प्रदान करने चलाये जा रहे सौ दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान के अंतर्गत मोतीनाला स्थित टीबी यूनिट में आयोजित कार्यक्रम में 50 क्षय रोगियों को पोषण आहार किट के तौर पर ड्राय फ्रूट फूड बास्केट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा भी मौजूद थे। क्षय रोगियों को ड्राई फ्रूट फूड बास्केट का वितरण निक्षय मित्र डॉ शब्बीर हुसैन की ओर से किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि क्षय रोग के संबंध में किसी को भी किसी प्रकार की भ्रांति नहीं रखनी चाहिये। यह रोग अब बिल्कुल ठीक हो जाता है। जरूरत है, समय पर मरीज की जांच होना और उसका उपचार प्रारंभ हो जाना। उन्होंने कहा कि क्षय रोग की दवाएं बहुत महंगी होती है, लेकिन सरकारी अस्पताल में इसकी जांच और इलाज के साथ ही रोगियों को दवायें भी नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं।

# पेड़ मानव को जीवन पर्यन्त देने का काम करते : हेमंत यादव

## विश्व वानिकी दिवस पर कार्यक्रमों का आयोजन हुआ

विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।



विदिशा जिले में भी विश्व वानिकी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। विदिशा के रेंज आफिस परिसर इको सेंटर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंडलाधिकारी हेमंत यादव ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को हम सब मिलकर अच्छा पर्यावरण विरासत दे उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पेड़ अपने संपूर्ण जीवन काल में मानव को सदैव देंने का काम करते हैं। चाहे वो फूल फल पत्ते औषधियां या लकड़ियां इस से कहीं अधिक स्वच्छ पर्यावरण व आक्सीजन देते हैं। वन मंडलाधिकारी यादव ने कहा कि वृक्षारोपण कार्यक्रमों अधिकाधिक सहभागिता निभातें हुए उनकी रक्षा के दायित्वों का निर्वाहन करने हेतु सभी को अभिप्रेरित करे।क जीवन के लिए ऑक्सीजन भोजन ,ईंधन समेत तमाम प्राकृतिक संसाधनों की जरूरत होती है जो हमें वनों से प्राप्त होते हैं ऐसे में वन का महत्व बहुत ज्यादा है इसलिए राष्ट्र विकास की दिशा में विश्व पटल पर इस प्रकार के कदम उठाए जा रहे हैं। वन मंडलाधिकारी यादव ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 21 मार्च अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाया जाता है हम आने वाली पीढियां के लिए स्वच्छ वायु जल और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करना चाहते हैं तो हमें वनों के संरक्षण के प्रति गंभीर होना पड़ेगा।

# कलेक्टर रुचिका चौहान ने एबीसी सेंटर एवं प्रस्तावित डॉग सेंटर का किया अवलोकन कर दिए निर्देश

## शहर भर में श्वानों के टीकाकरण के लिये विशेष अभियान चलाया जाए

ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।



ग्वालियर शहर में आवारा श्वानों के वैक्सीनेशन के लिये संचालित एबीसी सेंटर अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करे। इसके साथ ही नगर निगम विशेष दल गठित कर शहर भर में आवारा श्वानों के टीकाकरण का विशेष अभियान चलाएँ। कलेक्टर रुचिका चौहान ने रविवार को ग्वालियर नगर निगम द्वारा बिरलानगर पुल के नीचे संचालित एबीसी सेंटर का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय, अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, एबीसी सेंटर के संचालन में लगी एजेंसी के पदाधिकारी एवं निगम के अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर चौहान ने कहा कि ग्वालियर शहर में श्वानों के काटने की कई घटनायें सामने आई हैं। इनको देखते हुए एबीसी सेंटर अपनी पूरी क्षमता के साथ कार्य करे। सेंटर में प्रतिदिन क्षमता के अनुरूप श्वानों को लाकर उनके वैक्सीनेशन एवं अन्य कार्य को किया जाए। सेंटर में आने वाले सभी श्वानों को मेडीकल उपचार के साथ-साथ निर्धारित रोस्टर के अनुरूप भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। कलेक्टर चौहान ने कहा है कि एबीसी सेंटर के साथ-साथ शहर भर में आवारा श्वानों के टीकाकरण के लिये निगम विशेष अभियान चलाए। इसके लिये टीमों की संख्या बढ़ाकर शहर के सभी क्षेत्रों में वैक्सीनेशन का कार्य किया जाए। वैक्सीनेशन के कार्य को ट्रेंड स्टाफ के माध्यम से ही किया जाए, यह भी सुनिश्चित हो। एबीसी सेंटर के कर्मचारियों के साथ-साथ निगम का अमला भी इस कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। कलेक्टर रुचिका चौहान एवं नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने अधिकारियों के साथ लक्ष्मीगंज मुक्तिधाम के आगे बनने वाले नए डॉग वैक्सीनेशन सेंटर का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने सेंटर को तत्परता से प्रारंभ करने के लिये सभी आवश्यक कार्रवाई समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने कलेक्टर रुचिका चौहान को बताया कि श्वानों के वैक्सीनेशन के लिये एबीसी सेंटर की गाड़ी के साथ-साथ निगम के माध्यम से भी तीन गाड़ियां संचालित की जा रही हैं। इन गाड़ियों के माध्यम से भी श्वानों को पकड़कर केन्द्र पर भेजा जा रहा है, जहाँ उनका टीकाकरण एवं अन्य उपचार हो रहा है।

# रविवार अवकाश का दिन होने से पुस्तक मेले में दूसरे दिन बड़ी संख्या में अभिभावक व बच्चे पहुँचे, जमकर की खरीददारी

## एक ही परिसर में सुविधाजनक तरीके से पाठ्य सामग्री व स्कूल ड्रेस मिल जाने से बच्चे व उनके अभिभावक गदगद नजर आए

ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।



रविवार की छुट्टी होने की वजह से दूसरे दिन पुस्तक मेले में अच्छी-खासी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों के साथ पहुँचे। जाहिर है उन्होंने विशेष छूट प्राप्त कर किताबों, यूनीफॉर्म व स्टेशनरी की जमकर खरीददारी की, साथ ही मेले के फूड स्टॉल में लजीज चाट-पकौड़ों, सॉफ्टी व आइसक्रीम का लुत्फ भी उठाया।

एक ही परिसर में सुविधाजनक तरीके से पाठ्य सामग्री व स्कूल ड्रेस मिल जाने से बच्चे व उनके अभिभावक गदगद नजर आए और खरीददारी के बाद पुस्तक मेला लगाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व जिला प्रशासन के प्रति धन्यवाद व्यक्त करते हुए अपने घर लौटे। पुस्तक मेले से तीसरी कक्षा में अध्ययनरत अपने बेटे प्रणव को पुस्तकें दिलाकर घर जा रहे श्री महेन्द्र जोशी बोले कि यहाँ पर डिस्काउंट पर किताबों के साथ मेले का आनंद भी मिल रहा है। जब बाजार में खरीदने जाते थे तो पार्किंग से लेकर तमाम असुविधाओं का सामना करना पड़ता था। पुस्तक मेला लगाकर जिला प्रशासन ने सराहनीय पहल की है। इसी तरह कार्मल कॉन्वेंट सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में पढ़ रही अपनी बिटिया के लिये पुस्तक खरीदने आए श्री भूपेश माहौर का कहना था कि एक ही जगह पर पाठ्य सामग्री व यूनीफॉर्म दिलाने की पहल सराहनीय है। इसके लिये हम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विशेष तौर पर आभारी हैं, जिनके निर्देश पर जिला प्रशासन ने यह पुस्तक मेला लगाया है। लिटिल एंजल स्कूल में पढ़ रही अपनी बेटियों अवंतिका सिंह व अलंकृति सिंह के लिये पुस्तकें खरीदने आए डॉ. अनुराग सिंह सिकरवार भी काफी खुश नजर आए। उनका कहना था कि एक ही प्लेटफॉर्म पर सभी तरह की पठन-पाठन सामग्री दिलाने की पहल हर दृष्टि से सराहनीय है।

# शाला में पहला कदम, इस वर्ष एक अप्रैल से स्कूल में प्रवेश उत्सव का आयोजन होगा

## स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा संयुक्त पहल

विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।



कलेक्टर रौशन कुमार सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में स्कूल शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा संयुक्त पहल कर शाला में पहला कदम अभियान के शत प्रतिशत उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए चैतरफा प्रबंध सुनिश्चित किए जा रहे हैं। गौरतलब हो कि इस वर्ष एक अप्रैल से स्कूल में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जाना ततसंबंध में शासन स्तर पर जारी निर्देशों का विदिशा जिले में क्रियान्वित कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर आवश्यक जवाबदेही सौंपी गई है। जिसमें जनप्रतिनिधियों और जनसामान्य से सहयोग अपेक्षित किया गया है। कलेक्टर सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में एसडीएम स्तर पर बैठकें कर मंशा को मुर्त रुप दिया जा रहा है। गत दिवस बासौदा एसडीएम विजय राय ने अनुविभाग स्तरीय बैठक आयोजित कर शाला में पहला कदम अभियान की मंशा के क्रियान्वयन में बासौदा अनुविभाग पिछड़े ना इसके लिए सभी को सहयोग करने का अहवान किया है। शाला में पहला कदम अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए हर स्तर पर कार्य किए जा रहे।इसी कड़ी के तहत दिवार लेखन के माध्यम से संदेशों को अंकित कर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी आर के ठाकुर ने बताया कि जिला का एक बच्चा स्कूल में दाखिला से वंचित ना रहे सभी बच्चे समय पर स्कूल आए इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता से कियान्वयन किया जा रहा है।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### 24 मार्च को वार्षिकोत्सव का शुभारंभ करेंगे सिंधिया

**ग्वालियर (मध्य स्वर्णिम)।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 24 मार्च को विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय मुरार के वार्षिकोत्सव 2024-25 का शुभारम्भ करेंगे। इस दिन प्रातः लगभग 10 बजे यह कार्यक्रम आयोजित होगा। सिंधिया विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरूस्कार भी वितरित करेंगे। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी जायेगी। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया द्वारा विजयाराजे शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवनिर्मित ललितकला संकाय भवन, पुस्तकालय भवन व विज्ञान भवन प्रथम तल का लोकार्पण भी करेंगे। विश्व बैंक परियोजना के अंतर्गत राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई लगभग 8 करोड़ रूपये की धनराशि से इन भवनों का निर्माण हुआ है। लोकार्पण एवं वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद भारत सिंह कुशवाह, क्षेत्रीय विधायक डॉ. सतीश सिकरवार व पूर्व विधायक मुन्नालाल गोयल को विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है।

### उपार्जन केन्द्रों का जायजा



**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** विदिशा जिले में भी 15 मार्च से समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य सभी 185 केंद्रों पर शुरू हो गया है। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों पर बुनियादी सुविधाओं की पूर्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।इन सुविधाओं का कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी भ्रमण कर जायजा ले रहे ताकि फसल विक्रय के लिए आने वाले पंजीकृत किसानों को किसी भी प्रकार की दिक्कतें ना हो का विशेष ध्यान रखा जा रहा। जिला आपूर्ति अधिकारी अनिल तंतुवाय ने शनिवार को अनेक उपार्जन केन्द्रों का भ्रमण कर निरीक्षण किया उन्होंने तहसील गुलाबगंज के उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर खरीदी हेतु आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित कराई गई।

### चेकिंग कार्यवाही में 37 वाहनों की जांच की, 2,42,692 रुपए वसूल किए



**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के निर्देश पर वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाए जाने के पालन में आज जिला परिवहन अधिकारी गिरजेश वर्मा ने विदिशा शहर मे सागर रोड, अशोकनगर रोड एवं करारिया चैराहे पर वाहनों की चेकिंग की कार्यवाही की। इस कार्यवाही के दौरान 37 वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए जाने पर उनके विरुद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए 29 वाहनों से मौके पर शमन शुल्क 2,02,280 एवं मोटर यान कर 40412 इस प्रकार कुल राजस्व 2,42,692 रुपए वसूल किए गए हैं। शेष 08 वाहन प्रकरण निराकरण की प्रत्याशा में जप्त कर परिवहन कार्यालय परिसर एवं पुलिस थाना करारिया में सुरक्षार्थ रखे गए हैं। उक्त कार्रवाई के दौरान विशेष रूप से यात्री बसों में पात्रता से अधिक सवारी ले जाना, भारवाही वाहनों में पात्रता से अधिक माल ढोना तथा मध्यप्रदेश मोटरयान कर जमा न होने के संबंध में जांच की गई थी। प्राप्त निर्देशों के पालन में वाहन चेकिंग की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

### उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के द्वारा नवाचारों पर विशेष जोर

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** जिले के किसान भाई को खेती - बाड़ी के क्षेत्रों में हो रहे नवाचारों की जानकारी सुगमता से मिल सकें इसके लिए एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनातर्गत दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषक प्रशिक्षण,सेमिनार, कार्यशाला का आयोजन किया गया था। प्रशिक्षार्थियों को कृषि वैज्ञानिकों ने आधुनिक कृषि के साथ साथ उघानिकीय, पशुपालन व दुग्ध उत्पादन क्षेत्रों में कैसे अपने आपको श्रेष्ठ बनाए इसके लिए क्या करें, क्या ना करें सहित अन्य बिंदुओं की प्रायोगिक जानकारी देते हुए किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान कृषि बोली में किया है। विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने किसानों से कहा कि यहां जो जानकारी दी जा रही उसे अपने खेतों में उपयोग करें विदिशा जिला जिस प्रकार गेहूं उत्पादन के लिए जाना जाता है ठीक वैसे ही उघानिकीय और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में ख्याति हासिल करें। विधायक टंडन ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार का यही उद्देश्य किसानों की आमदनी बढ़े उन्होंने नगदी फसलों का अधिक से अधिक उत्पादन लेने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों से कहा की केसीसी राशि का किसानी कार्य में सदोपयोगकर हम शासन की मंशानुरूप खरे उतरे इसी जो नवीन बीज प्राप्त होते उन्होंने जरूर लगाएं।

### बोनस के साथ 2600 रुपए में खरीदा जाएगा किसानों से गेहूं

**विदिशा (मध्य स्वर्णिम)।** किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य देने के लिए शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर खरीद की जाती है। शासन द्वारा वर्तमान वर्ष के लिए गेंहू का समर्थन मूल्य 2425 रुपए तथा सरकार द्वारा घोषित 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के साथ किसानों से 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेंहू का उपार्जन होगा। समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन जारी है। पंजीयन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है। किसान एमपी किसान एप, ई-उपार्जन पोर्टल तथा ई-उपार्जन मोबाइल एप पर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इस संबंध में जिला आपूर्ति श्री अनिल तंतुवाय ने बताया कि विदिशा जिले में गेंहू उपार्जन के लिए 185 खरीदी केन्द्र निर्धारित किए दिए गए हैं। किसान इन खरीदी केन्द्रों में गेंहू उपार्जन के लिए पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान निर्धारित खरीदी केन्द्रों में अपना आनलाइन पंजीयन अवश्य करायें। पंजीकृत किसानों से ही समर्थन मूल्य पर गेंहू की खरीद की जायेगी। किसान चाहें तो स्वयं के मोबाइल, कम्प्यूटर, खरीदी केन्द्र तथा ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र में पंजीयन की नि :शुल्क व्यवस्था की गई है।

# छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, 26 और 27 मार्च को आयोजन

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा समेत मंत्री होंगे शामिल

**कबीरधाम ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक भोरमदेव महोत्सव की तैयारी जारी है। यह महोत्सव 26 और 27 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, लोककला और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि भोरमदेव महोत्सव के शुभारंभ व समापन अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा समेत सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। महोत्सव के दोनों दिनों में विशिष्ट



अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की उपस्थिति भी रहेगी। इस लिहाज से महोत्सव स्थल पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष मंच निर्माण, आकर्षक साज-सज्जा, रोशनी की उत्तम व्यवस्था और उच्च कोटि के साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आगंतुकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड, लोक कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियां, पारंपरिक नृत्य-संगीत, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण होंगे। मैकल पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थित भोरमदेव मंदिर, अपनी अद्भुत शिल्पकला और स्थापत्य के कारण छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहा जाता है। यह मंदिर हजार वर्षों से अधिक समय से आस्था, संस्कृति और विरासत का केंद्र बना हुआ है। भोरमदेव महोत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यटन को भी बढ़ावा देने में सहायक है। ऐसे में इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक पूरी तन्मयता से तैयारियों की जा रही है।

# दुर्ग के जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र चिखली स्थित नारायण राइस मिल में लगी आग



**दुर्ग ( एजेंसी )।** दुर्ग के जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र चिखली स्थित नारायण राइस मिल में रविवार की सुबह आग लग गई। आग की सूचना राइस मिल के मालिक ने पुलिस और जिला अग्निशमन की दी। जिसके बाद फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। इस आग से राइस मिल मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है। जिला अग्निशमन अधिकारी कमांडेंट नागेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार की सुबह आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम को रवाना किया। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। जिला दमकल विभाग के चार दमकल गाड़ियों को भेजकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। आग लगाने का कारण अज्ञात बताया जा रहा हैं। इस आग से राइस मिल मालिक को लाखों का नुकसान हुआ है आग से धान और बारदाने जलकर खाक हो गए।

# राजधानी रायपुर में गरज-चमक और बूंदाबंदी, प्रदेशभर में बारिश के आसार

## मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना, वातावरण पूरी तरह ठंडा रहा

**रायपुर ( एजेंसी )।**



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। गरज चमक के साथ हल्की बूंदाबंदी भी हुई है। दिन भर मौसम ऐसे ही बने रहने की संभावना है। पूरे प्रदेश में मौसम स्थिर है। गरज चमक के साथ बारिश और ओलावृष्टि हो रही है। इससे वातावरण पूरी तरह ठंडा हो गया है। अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में भरपूर मात्रा में नमी का आगमन हो रहा है। इससे प्रदेश में गरज चमक के साथ तेज हवा और हल्की बारिश हो रही है। साथ ही चक्रवाती परिसंचरण के असर से प्रदेश में अगले दो दिनों तक तेज हवाओं, ओलावृष्टि और बारिश की संभावना बनी हुई है। आज पूरे प्रदेश में हल्की मध्यम बारिश होने की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ मध्य विक्षोभ मंडलीय स्तरों पर एक दूरी का के रूप में बना हुआ है, जिसकी दूरी समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर ऊपर है। वहीं मध्य प्रदेश के मध्य भागों पर ऊपरी हवा का चक्रवर्ती परिसंचरण समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर तक बना हुआ है। दूसरी ओर एक द्रोणिका का दक्षिण छत्तीसगढ़ से तेलंगाना और उत्तर आंतरिक कर्नाटक होते हुए दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक समुद्र तल से 1.5 किलोमीटर ऊपर स्थित है। इसके प्रभाव से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। साथ ही प्रदेश के कई इलाकों में हल्की मध्यम बारिश हो रही है। हवाएं भी चल रही है। इससे अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

# भाटापारा जिले में शराब के नशे में रेलवे लाइन पर रखा गार्डर

## मालगाड़ी का इंजन हुआ क्षतिग्रस्त; आठ आरोपी गिरफ्तार

**भाटापारा ( एजेंसी )।**

होलिका दहन की रात शराब के नशे में रेलवे ट्रैक पर लोहे का गार्डर रखकर बड़ा हादसा करवाने की कोशिश करने वाले आठ आरोपियों को भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना के कारण भाटापारा-अंबुजा रेलवे मार्ग पर आ रही मालगाड़ी का इंजन क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन ड्राइवर की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। 14 मार्च 2025 की रात करीब 1:40 बजे सूचना मिली कि ग्राम अर्जुनी रेलवे फाटक के पास कुछ अज्ञात लोगों ने रेलवे लाइन पर लोहे के गार्डर डाल दिए हैं। ये गार्डर पांच मीटर और 3 मीटर लंबे थे, जिससे



मालगाड़ी संख्या बीपीएल एमपी टकरा गई। टक्कर से इंजन के कैटल गार्ड को नुकसान हुआ। सूचना मिलते ही भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने मामले में धारा 126(2), 324(4) बीएनएस, 150 रेलवे एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मामले की जांच कर पांच अपचारी बालकों सहित कुल आठ आरोपियों को हिरासत में लिया।

# छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने देखी विक्की कौशल की छावा, फिल्म की तारीफ के बांधे पुल

## पोस्ट कर शेयर कर लिखा संभाजी महाराज ने देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राय में फिल्म छावा के टैक्स फ्री होने का एलान फरवरी में कर दिया था। अब हाल ही में सीएम फिल्म की स्पेशल स्क्रीनिंग में शामिल हुए। उन्होंने छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ फिल्म देखी। इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट शेयर कर अपनी प्रतिक्रिया दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान की तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ लिखा है, आज नवा रायपुर में छत्रपति शिवाजी महाराज के पराक्रमी पुत्र



संभाजी महाराज के जीवन, संघर्ष और बलिदान पर आधारित फिल्म छावा देखी। संभाजी महाराज ने देश, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। मुख्यमंत्री ने आगे लिखा है, इस फिल्म ने संभाजी महाराज की वीरता और बलिदान को अत्यंत प्रभावशाली और सजीव रूप में प्रस्तुत किया है, जो हर भारतीय को गौरवान्वित करता है। संभाजी महाराज का यह प्रेरक इतिहास अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे, इसके लिए हमारी सरकार ने फिल्म छावा को राय में टैक्स फ्री किया है। सीएम के साथ इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप, विधायक अनुज शर्मा, योगेश्वर राजू सिन्हा और सम्पत अग्रवाल भी उपस्थित रहे। फिल्म छावा 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। एक महीने से अधिक वक्त होने के बावजूद यह सिनेमाघरों में मजबूती से टिकी है। फिल्म का निर्देशन लक्ष्मण उतेकर ने किया है।

# माओवादियों से लोहा लेने वाले जांबाज जवानों से मिले डिप्टी सीएम विजय शर्मा

## उनके साहसिक और सफल ऑपरेशन की सराहना की

**रायपुर ( एजेंसी )।**

छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा बीजापुर में गंगालूर क्षेत्रान्तर्गत अंडरी के जंगलों में पुलिस और माओवादियों के साथ हुए मुठभेड़ में शामिल सुरक्षा बलों के जांबाज जवानों से बीजापुर जिले के रक्षित केंद्र में मुलाकात की और उनके साहसिक और सफल ऑपरेशन की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया। डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों के जवानों की भुजाओं की ताकत के बदौलत आज मैं सड़क मार्ग से बीजपुर आया हूं। इसके



पूर्व कोई भी गृहमंत्री सड़क मार्ग से बीजापुर नहीं आये। गौरतलब है कि 20 मार्च को हुए इस मुठभेड़ में 14 महिला माओवादी सहित कुल 26 वर्दीधारी माओवादियों के शव बरामद । शिनाख्त माओवादियों में डिवीसीएम, एसीएम, पीपी सीएम और पीएलजीए सदस्य शामिल थे।



## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### उमर सरकार बनाएगी अमरनाथ धाम तक रोपवे, आसानी से बाबा के दर्शन कर सकेंगे श्रद्धालु

**श्रीनगर ( एजेंसी )।** जम्मू-कश्मीर में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए उमर सरकार अमरनाथ धाम तक रोपवे लगाने की तैयारी कर रही है।



इस परियोजना का उद्देश्य यात्रा को सरल और सुलभ बनाना है, ताकि श्रद्धालु चढ़ाई का सामना किए बिना बाबा बर्फानी के दर्शन कर सकें। सीएम उमर अब्दुल्ला ने बताया कि बालटाल से अमरनाथ गुफा तक 11.60 किलोमीटर का रोपवे बनाया जाएगा। इसके लिए डीपीआर तैयार करने के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। इसके अलावा, अन्य स्थानों पर भी रोपवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है, जैसे शंकराचार्य मंदिर, भद्रवाह से सियोझदार, और सोनमर्ग-थाजीवास ग्लेशियर। इस पहल से लाखों श्रद्धालुओं को आसानी होगी, खासकर अमरनाथ यात्रा के दौरान जब बड़ी संख्या में भक्त बाबा के दर्शन करने यहां पहुंचते हैं। इन योजनाओं से पर्यटन क्षेत्र को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है और श्रद्धालुओं के अनुभव को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी।

### पोप फ्रांसिस को अस्पताल से मिली छुट्टी, लोगों को दिया आशीर्वाद

**वेटिकन सिटी ( एजेंसी )।** कैथोलिक ईसाई धर्म के सबसे बड़े नेता पोप फ्रांसिस को रविवार को अस्पताल से छुट्टी मिल गई। उनका इलाज कर रहे डॉक्टरों ने बताया कि पोप (88) के दोनों फेफड़ों में निमोनिया के गंभीर संक्रमण की वजह से वह 38 दिनों से अस्पताल में भर्ती थे। अस्पताल के निदेशक ने कहा कि पोप फ्रांसिस को वेटिकन में कम से कम दो महीने पूरी तरह से आराम करने की सलाह दी है। पोप फ्रांसिस को ब्रोंकाइटिस की समस्या बढ़ने के बाद 14 फरवरी को अस्पताल में भर्ती किया था। बाद में उन्हें निमोनिया का गंभीर संक्रमण हो गया था। फ्रांसिस ने छह मार्च को एक ऑडियो संदेश जारी किया था और वेटिकन ने 16 मार्च को उनकी एक तस्वीर साझा की थी। 14 फरवरी को अस्पताल में भर्ती होने के बाद पोप पहली बार आशीर्वाद कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के सामने आएंगे।

### मेहुल चोकसी के भारत प्रत्यर्पण में फंसा पेंच, पत्नी ने दिलवाई बेल्जियम की नागरिकता

**एंटपर्व सिटी ।** पीएनबी घोटाले में फरार और भारत से भगोड़ा घोषित कारोबारी मेहुल चोकसी बेल्जियम के एंटवर्प शहर में अपनी पत्नी के साथ शान से अपनी जिंदगी गुजार रहा है। यह शहर हीरा कारोबार के लिए दुनियाभर में मशहूर है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मेहुल चोकसी ने 15 नवंबर 2023 को बेल्जियम की 'एफ रेजिडेंसी कार्ड' हासिल कर ली है, जिससे उसकी भारत वापसी की कोशिशें अब और जटिल हो गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक मेहुल चोकसी की पत्नी प्रीति चोकसी बेल्जियम की नागरिक हैं, और उन्होंने ही उसे वहां की नागरिकता दिलाने में अहम भूमिका निभाई है। मेहुल ने इस रेजिडेंसी को पाने के लिए गलत और फर्जी दस्तावेज जमा किए है, जिसमें झूठे दावे और फर्जी डिक्लेरेशन शामिल थे।

# गंगा-जमुनी तहजीब की बात करने वाले दारा शिकोह को क्यों याद नहीं करते?

## संघ सरकार्यवाह होसबले ने औरंगजेब से लेकर बीजेपी तक पर रखी राय

**बैंगलरु ( एजेंसी )।**

बेंगलुरु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का आज यानी रविवार को समापन हो गया। संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले ने तीन दिवसीय इस सभा में निकले निष्कर्षों को मीडिया के साथ साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने उन सभी सवालों के भी जवाब दिए, जो देश में वर्तमान में सबसे बड़े मुद्दों से जुड़े हुए थे। होसबोले ने इस दौरान औरंगजेब से लेकर मुस्लिम आरक्षण और बीजेपी अध्यक्ष तक के मुद्दों पर संघ का रूख पर पूछे गए सवालों के जवाब दिए। उन्होंने कहा कि हम बीजेपी के अभिभावक नहीं हैं जो हम रोज उन्हें बताएं कि यह करो।



उन्होंने कहा कि भारत के जो विरोधी रहे हैं उनको आईकान नहीं बनाया जा सकता है। गंगा-जमुनी तहजीब की बात करने वाले लोग औरंगजेब के भाई दारा शिकोह को याद क्यों नहीं करते हैं? दिल्ली में औरंगजेब रोड को बदलकर अब्दुल कलाम रोड किया तो उसका कोई मतलब है ना। तो जो हमारी संस्कृति की बात करेंगे, उसको हम लोग फॉलो करेगें। बीजेपी अध्यक्ष को लेकर होसबोले ने कहा कि हमें बीजेपी में कोई प्रचारक भेजने की मंशा नहीं है। सभी संगठन स्वतंत्र हैं और अपनी प्रक्रिया के तहत अपने अध्यक्ष चुनाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसमें हमसे पूछ कर कुछ करने की जरूरत नहीं है। जातिगत जनगणना पर पूछे सवाल पर उनहोंने कहा कि हमारे समाज में जाति-बिरादरी के हिसाब से आपस में झगड़े नहीं होने चाहिए। जब स्पार्ट्स में कोई मेडल आता है या फिर कोई सैनिक बॉर्डर पर शहीद होता है तो हम उसका धर्म-जाति नहीं देखते हैं। हमें उन पर गर्व होता है। यही सद्भाव है। बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ पर उन्होंने कहा कि जब भी अवैध घुसपैठ होती है तो सरकार की जिम्मेदारी है कि इसे रोकने के लिए कदम उठाएं। बांग्लादेश हो या कहीं ओर से घुसपैठ हो, हम हमेशा कहते आए हैं कि यह नहीं होना चाहिए।

वहीं मुस्लिमों के आरक्षण पर होसबोले ने कहा कि भारत के संविधान के मुताबिक धार्मिक आधार पर आरक्षण नहीं दिया जा सकता। बाबा साहेब अंबेडकर भी यह नहीं चाहते थे। अगर कोई सरकार ऐसा करती है तो वह बाबा साहेब की मंशा के खिलाफ काम कर रही है।

# सभ्यता का केंद्रीय तत्व है जल : प्रो बलदेव राज गुप्ता

## विश्व जल दिवस के अवसर पर आयोजित की गई संगोष्ठी

**गुवाहाटी ( एजेंसी )।**

विश्व जल दिवस के अवसर पर, मेघालय विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूएसटीएम) में 'जलवायु संकट के लिए जल पूर्वोत्तर भारत' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नई दिल्ली स्थित सामाजिक-पर्यावरणीय कार्य समूह नेचर केयर इनिशिएटिव (एनसीआई) द्वारा यूएसटीएम के जूलॉजी विभाग और अर्थ साइंस विभाग के सहयोग से संगोष्ठी आयोजित की गई थी।



सम्मेलन में प्रख्यात पत्रकार एवं शिक्षाविद प्रोफेसर डॉ बलदेव राज गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सभ्यता का केंद्रीय तत्व जल है। भारतीय प्रेस परिषद् नई दिल्ली के सदस्य रहे प्रोफेसर डॉ गुप्ता ने जल के ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व पर जोर देते हुए इसे सभ्यता का केंद्रीय तत्व बताया। सम्मेलन में डॉ गुप्ता के अलावा विभिन्न क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित हस्तियों ने शिरकत की, जिनमें ब्रीद ग्रीन प्राइवेट लिमिटेड के जल प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ दुर्गा प्रसाद मिश्रा, मेघालय के मेगअराइज़ परियोजना के उप परियोजना निदेशक जेम्स खारकोंगोर, यूएसटीएम के कुलपति प्रोफेसर जीडी शर्मा, नेचर केयर इनिशिएटिव के अध्यक्ष श्रीकांत शेखर साहू, हिमालयन न्यूज़ क्रॉनिकल की सम्पादक रीता रानी नायक, कॉटन विश्वविद्यालय के पर्यावरण और वन्यजीव जीवविज्ञान विभाग से डॉ. नारायण शर्मा, नई दिल्ली के भारतीय चीनी अध्ययन संस्थान में सहायक फेलो डॉ. मिर्ज़ा जुल्फिकुर रहमान और यूएसटीएम के आउटरीच सेल की निदेशक डॉ. निवेदिता पॉल शामिल थे। आयोजन में यूएसटीएम के जूलॉजी और अर्थ साइंस विभागों के संकाय सदस्यों के साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण पर केंद्रित उत्साही छात्रों ने भी हिस्सा लिया।

# जस्टिस वर्मा के घर से बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने से एक पुराने आर्थिक घोटाले की परतें खुलने लगी

## बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने से एक पुराने आर्थिक घोटाले की परतें खुलने लगी हैं

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

दिल्ली हाईकोर्ट के जज यशवंत वर्मा फिर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनके आवास से कथित तौर पर बड़ी मात्रा में कैश बरामद हुआ है। यह खुलासा तब हुआ जब उनके घर में आग लगने की सूचना के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर जांच की। बड़ी मात्रा में



नकदी बरामद होने से एक पुराने आर्थिक घोटाले की परतें खुलने लगी हैं। यह घोटाला सिम्भौली शुगर मिल फ्रॉड मामले से जुड़ा हुआ है, जिसमें जस्टिस वर्मा भी आरोपी के रूप में नामित थे। बता दें 2018 में सीबीआई ने सिम्भौली शुगर मिल्स लिमिटेड के खिलाफ जांच शुरू की थी, जिसमें कंपनी पर ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स से लिए गए करोड़ों रुपए के ऋण को गलत तरीके से इस्तेमाल करने का आरोप था। बैंक ने आरोप लगाया था कि कंपनी ने किसानों के लिए जारी 97.85 करोड़ रुपए के ऋण का दुरुपयोग किया और इन धनराशियों को अन्य उद्देश्यों के लिए मोड़ दिया। मई 2015 तक इस घोटाले को संभावित धोखाधड़ी मानते हुए आरबीआई को रिपोर्ट कर दिया गया था। सीबीआई ने इस मामले में 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी, जिसमें यशवंत वर्मा 10वें आरोपी के रूप में सूचीबद्ध थे। उस समय, वह कंपनी के नॉन-एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर के रूप में कार्यरत थे। जांच धीमी होती चली गई और किसी बड़े कदम की घोषणा नहीं की गई। फरवरी 2024 में एक अदालत ने सीबीआई को बंद पड़ी जांच को दोबारा शुरू करने का आदेश दिया था, लेकिन इसके कुछ ही समय बाद, सुप्रीम कोर्ट ने इस आदेश को पलट दिया, जिससे सीबीआई की जांच को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया। इस फैसले के बाद, सिम्भौली शुगर मिल घोटाले से जुड़े वित्तीय अनियमितताओं की किसी भी जांच की संभावना खत्म हो गई।

# देश भर में कुल 136 वंदे भारत एक्सप्रेस पटरियों पर दौड़ रही जल्द ही वंदे भारत स्लीपर ट्रेन चलाने की तैयारी में रेलवे

## वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की सबसे तेज और 180 किमी प्रतिघंटा चलने वाली ट्रेन है

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

पीएम मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट वंदे भारत एक्सप्रेस को लांच हुए 6 साल हो चुके हैं। 2019 से शुरू हुई रफ्तार की यह कहानी अब 136 ट्रेनों तक पहुंच चुकी है। इसमें लगातार इजाफा जारी है। अब रेलवे वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन को भी पटरियों पर उतारने की



तैयारी कर रहा है। इसके साथ ही यात्री लंबी दूरी का सफर आराम से कर सकते है। वंदे भारत ट्रेनें अब कई शताब्दी ट्रेन मार्गों पर उपलब्ध हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस भारत की सबसे तेज ट्रेन है और 180 किमी/घंटा तक की गति तक पहुंचने की ताकत रखती है। अब तक, वंदे भारत दिल्ली और वाराणसी जैसे छोटे और मध्यम दूरी के प्रमुख शहरों को जोड़ती है। 15 फरवरी 2019 को नई दिल्ली-कानपुर-इलाहाबाद-वाराणसी मार्ग पर 160 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने वाली पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाई गई थी। मेक इन इंडिया अभियान के तहत इन ट्रेनों को पटरियों पर उतारा गया था। आम ट्रेनों के मुकाबले वंदे भारत एक्सप्रेस रफ्तार से लेकर सुरक्षा स्तर तक कई सुविधाओं से लैस है। वंदे भारत एक्सप्रेस में एग्जीक्यूटिव क्लास में रिक्लाइनिंग एर्गोनोमिक सीटें, सभी कोच में सीसीटीवी और हर सीट पर मोबाइल चार्जिंग सॉकेट, ऑटोमैटिक दरवाजे, पेंट्री में हॉट केस, वॉटर कूलर, डीप फ्रीजर, हर कोच में आपातकालीन खिड़कियां, अलार्म पुश और टॉक बैक यूनिट्स हैं। वहीं रेल मंत्रालय ने 3 जनवरी को बताया था कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन ने पिछले तीन दिनों में अपने कई परीक्षणों में 180 किलोमीटर प्रति घंटे की अधिकतम गति हासिल की है। जनवरी के अंत तक यह परीक्षण जारी रहेगा।

# आईपीएल में अपना सर्वोच्च टोटल बनाने के बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद से हारा राजस्थान रॉयल्स

## ईशान किशन के शतक व ट्रेविस हेड की पचास रन की पारी से हैदराबाद ने 20 ओवर में 286 बनाए

**हैदराबाद ( एजेंसी )।**

सनराइजर्स हैदराबाद ने राजस्थान रॉयल्स को 44 रनों से हराकर आईपीएल 2025 सीजन की जीत से शुरुआत की है। हैदराबाद ने ईशान किशन और ट्रेविस हेड की शानदार पारी के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 286 रन बनाए थे जो इस टूर्नामेंट का दूसरा सर्वोच्च टोटल है। जवाब में संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल ने अच्छी साझेदारी निभाई, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। राजस्थान की टीम निर्धारित ओवर में छह विकेट पर 242 रन ही बना सकी और उसे हार का सामना करना पड़ा।

राजस्थान का यह आईपीएल में सर्वोच्च स्कोर है, इसके बावजूद टीम सफलता हासिल नहीं कर सकी। राजस्थान का इससे पहले सर्वोच्च स्कोर 2020 में पंजाब किंग्स के खिलाफ शारजाह में 226 रन था। उन्होंने विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए भरपूर प्रयास किया, लेकिन चुनौती इतनी बड़ी थी कि टीम इसमें सफल नहीं हुई। राजस्थान पर जीत के साथ ही गत उपविजेता टीम ने आईपीएल 2025 का विजयी आगाज किया है। हैदराबाद और राजस्थान के बीच इस मैच में कुल 528 रन बने। यह आईपीएल इतिहास में दूसरा सर्वोच्च एग्रिगेट है। आईपीएल में दोनों पारी मिलाकर सबसे ज्यादा रन बनने का रिकॉर्ड हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के नाम है। आरसीबी और हैदराबाद के बीच पिछले साल बंगलुरू में खेले गए मैच में कुल 549 रन बने थे।



लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने 50 रन के स्कोर पर तीन विकेट गंवा दिए थे। सिमरनजीत सिंह ने एक ही ओवर में राजस्थान रॉयल्स को दो झटके दिए। राजस्थान की पारी का दूसरा ओवर डालने आए सिमरनजीत ने पहले यशस्वी जायसवाल को आउट किया और फिर कप्तान रियान पराग को पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने नीतीश राणा को आउट कर राजस्थान को तीसरा झटका दिया। शुरुआती झटके लगने के बाद इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर खेलने उतरे संजू सैमसने ने ध्रुव जुरेल के साथ मिलकर राजस्थान को संभाला। सैमसन ने जुरेल के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 111 रन जोड़े और टीम को मुश्किल से उबारा। सैमसन ने 26 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। उनके ठीक बाद जुरेल ने भी 28 गेंदों पर पचासा पूरा किया। सैमसन और जुरेल जब बल्लेबाजी कर रहे थे तो लग रहा था कि राजस्थान आईपीएल इतिहास का सबसे सफल रन चेज कर सकती है, लेकिन सैमसन के आउट होते ही यह साझेदारी टूट गई। सैमसन के पवेलियन लौटने के बाद जुरेल भी अपना विकेट गंवा बैठे। अंत में शिमरॉन हेत्मायर और शुभम दुबे ने कुछ कोशिश की, लेकिन टीम लक्ष्य हासिल नहीं कर सकी। राजस्थान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने सबसे ज्यादा 35 गेंदों पर पांच चौकों और छह छक्कों की मदद से 70 रन बनाए।

# पहले मैच में सुरक्षा घेरा तोड़कर विराट के पास पहुंचा प्रशंसक

## बल्लेबाज कोहली अपने प्रशंसकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं





**कोलकाता ( एजेंसी )।**

अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली अपने प्रशंसकों के बीच बेहद लोकप्रिय हैं। उनकी प्रति प्रशंसकों में कितनी दीवानगी है। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आईपीएल के पहले मैच में विराट का एक प्रशंसक सुरक्षा घेरे को लांघकर उनके पास पहुंच गया। इस मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की ओर से विराट ने शानदार अर्धशतक लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) केकेआर के खिलाफ मिली जीत में अहम भूमिका निभाई। इस दौरान कोहली को देखने भारी तादाद में प्रशंसक मैदान में पहुंचे थे। इसी बीच एक प्रशंसक मैदान पर आ गया और उसने कोहली के पैर छूये। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ है। इसमें विराट जब बल्लेबाजी कर रहे थे तभी एक अति उत्साहित दर्शक उनके पास पहुंचा। इसके बाद उसने कोहली को गले लगाया। बाद में सुरक्षाकर्मियों ने उसे मैदान से बाहर किया। ये पहली बार नहीं है जबकि विराट का कोई प्रशंसक मैदान में घुस आया हो। पहले भी समय-समय पर ये वाकये हुए हैं। विराट के नाबाद 59 और फिल सॉल्ट के नाबा 56 के अलावा रॉयल चैलेंजर्स आरसीबी ने शुरूआती मुकाबले में केकेआर को सात विकेट से हराया। वहीं कप्तान अजिंक्य रहाणे की 31 गेंद में 56 रन की पारी के बावजूद केकेआर की टीम 8 विकेट पर 174 रन ही बना पायी।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### सनराइजर्स ने बनाया आईपीएल का दूसरा सर्वोच्च टोटल

**हैदराबाद ( एजेंसी )।** सनराइजर्स हैदराबाद ने ईशान किशन के नाबाद शतक और ट्रेविस हेड के अर्धशतक के दम पर राजस्थान रॉयल्स के सामने जीत के लिए 287 रनों का लक्ष्य रखा। राजस्थान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया, लेकिन हैदराबाद ने ईशान और हेड के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 286 रन बनाए। यह आईपीएल इतिहास का दूसरा सर्वोच्च टोटल है। आईपीएल में सबसे ज्यादा स्कोर करने का रिकॉर्ड भी हैदराबाद के नाम है। हैदराबाद ने आरसीबी के खिलाफ पिछले सीजन तीन विकेट पर 287 रन बनाए थे जो इस टूर्नामेंट का सर्वोच्च टोटल है। पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने टीम को शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन अभिषेक के आउट होने के बाद हेड ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और अर्धशतक जड़ा। हेड के आउट होने के बाद लगा कि हैदराबाद की पारी धीमी पड़ जाएगी, लेकिन ईशान ने दमदार बल्लेबाजी की और 45 गेंदों पर शतक लगाकर अपनी क्षमता साबित की। ईशान का सनराइजर्स हैदराबाद के लिए यह डेब्यू मुकाबला था। ईशान 47 गेंदों पर 11 चौकों और छह छक्कों की मदद से 106 रन बनाकर नाबाद लौटे। सनराइजर्स के लिए हेड ने 31 गेंदों पर नौ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 67 रन बनाए, जबकि हेनरिच क्लासेन ने 14 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 34 रन, नीतीश कुमार रेड्डी ने 15 गेंदों पर 30 रन, अभिषेक ने 11 गेंदों पर पांच चौकों के सहारे 24 रन और अनिकेत वर्मा ने सात रन बनाए। राजस्थान के लिए सबसे सफल गेंदबाज तुषार देशपांडे रहे जिन्होंने तीन विकेट झटके। उनके अलावा महेश तीक्ष्णा ने दो और संदीप शर्मा ने एक विकेट लिया।

### व्हीलचेयर पर भी रहा तो वो मुझे घसीट लेंगे

**चेन्नई ( एजेंसी )।** महेंद्र सिंह धोनी एक बार फिर पीली जर्सी में एक और आईपीएल सीजन खेलने के लिए तैयार हैं। 43 साल के धोनी रविवार को मुंबई के खिलाफ जब चेपॉक में उतरेंगे तो यह एक खास लम्हा होगा। 2016 और 2017 में चेन्नई की फ्रेंचाइजी पर लगे प्रतिबंध को छोड़ दिया जाए तो वह शुरू से ही इस टीम का हिस्सा रहे हैं और शायद ही कोई मैच मिस किया है। पिछले कुछ वर्षों में उनके संन्यास लेने की चर्चा भी सुर्खियों में रही है, लेकिन हर सीजन वह इसे आकर गलत साबित करते रहे हैं। अब एक बार फिर वह अपने शॉट्स से फैंस को एंटरटेन करते दिखेंगे। धोनी ने संन्यास की खबरों पर फिर से बयान दिया है। हालांकि, इस बार उन्होंने जवाब व्यंगात्मक लहजे में दिया। मुंबई इंडियंस के खिलाफ सीएसके के सीजन के शुरुआती मैच से पहले धोनी ने जियो-हॉटस्टार से कहा कि वह जब तक चाहें तब तक खेल सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं सीएसके के लिए जब तक चाहूं खेल सकता हूं। यह मेरी फ्रेंचाइजी है। यहां तक कि अगर मैं व्हीलचेयर पर हूं, तो वे मुझे खींच लेंगे। मुंबई के खिलाफ मैच से पहले धोनी ने हार्दिक पांड्या और कीरोन पोलार्ड से मुलाकात की थी। फ्रेंचाइजी ने इसका वीडियो भी शेयर किया था।



### आरसीबी में इस बार कुछ खास है, हेडन ने की टीम की तारीफ

**कोलकाता ( एजेंसी )।** आईपीएल 2025 के पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कोलकाता नाइट राइडर्स को हरा दिया और अपने अभियान का शानदार आगाज किया। इस जीत में बेंगलुरु ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी, दोनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया। बड़े स्कोर की तरफ बढ़ रहे कोलकाता को 180 के अंदर रोकने और फिर तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर बेंगलुरु ने दिखाया कि इस सीजन वह ट्रॉफी के लिए हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। ऑस्ट्रेलिया के अपने जमाने के दिग्गज बल्लेबाज मैथ्यू हेडन का मानना है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की इस बार की टीम में कुछ खास है। उन्होंने भारतीय ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या को एक्स फैक्टर करार दिया। हेडन ने आरसीबी द्वारा क्रुणाल का चयन करने के लिए फ्रेंचाइजी की तारीफ की है। क्रुणाल पंड्या ने चार ओवर में 29 रन देकर तीन विकेट लिए, जबकि फिल सॉल्ट (56), विराट कोहली (59) और कप्तान रजत पाटीदार (34) ने उपयोगी पारियां खेली। हेडन ने कहा, %नए कप्तान के रूप में रजत पाटीदार के लिए यह एक जोरदार और महत्वपूर्ण जीत थी। विराट कोहली के शानदार फॉर्म में होने से निश्चित रूप से मदद मिलती है ।उन्होंने कहा, बेंगलुरु की गेंदबाजी लाइनअप मजबूत दिख रही है। क्रुणाल पांड्या ने बीच के ओवरों में उपयोगी गेंदबाजी की, जबकि जोश हेजलवुड ने वह किया जो वह सबसे अच्छा करते हैं। मैं जब आरसीबी की इस टीम को देखता हूं तो मुझे लगता है कि इस बार इस टीम में कुछ खास है। हेडन ने कहा कि क्रुणाल पांड्या की गेंद की गति बदलने और स्टंप्स पर हमला करने की क्षमता इस बाएं हाथ के स्पिनर के लिए काम आई। उन्होंने कहा, वह शानदार खिलाड़ी हैं। वह चतुर गेंदबाज हैं। उनकी गति में बदलाव करने और विकेट को निशाना बनाने की क्षमता उत्कृष्ट है। बेंगलुरु की टीम अब 28 मार्च को चेन्नई से चेपॉक में भिड़ेगी, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स का सामना 26 मार्च को राजस्थान रॉयल्स से गुवाहाटी में होगा।

### गुवाहाटी में पहली बार होगा टेस्ट मैच का आयोजन

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** असम का शहर गुवाहाटी पहली बार टेस्ट मैच की मेजबानी के लिए तैयार है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच नवंबर में जब टेस्ट सीरीज होगी तो उत्तरपूर्व क्षेत्र का यह शहर लाल गेंद के क्रिकेट मैच की मेजबानी करेगा। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने रविवार को इसकी जानकारी दी। इस साल महिला विश्व कप का भी आयोजन होना है और सैकिया का कहना है कि गुवाहाटी पहली बार विश्व कप मैच की मेजबानी भी करेगा। सैकिया ने बताया कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला गुवाहाटी के असम क्रिकेट संघ (एसीए) में 22 नवंबर से होगा। सैकिया ने कहा कि इससे गुवाहाटी टेस्ट क्रिकेट के नक्शे पर आ जाएगा। सैकिया ने कहा, अब तक कोई भी टेस्ट मैच या विश्व कप का मुकाबला गुवाहाटी में नहीं हुआ है, लेकिन शनिवार को हुई बीसीसीआई शीर्ष परिषद की बैठक में फैसला लिया गया है और इस साल गुवाहाटी इन दोनों मैचों की मेजबानी करेगा। सैकिया ने कहा कि गुवाहाटी में आईसीसी महिला विश्व कप के पांच से छह मैच आयोजित होंगे जो पहली बार इस क्षेत्र में विश्व कप के मुकाबले की मेजबानी करेगा। सैकिया ने कहा, महिला विश्व कप का आयोजन 24 सितंबर से दो नवंबर तक होगा।

# आईपीएल इतिहास का सबसे महंगा स्पैल डालने वाले गेंदबाज बने जोफ्रा आर्चर

## चार ओवर में लुटाए 76 रन, अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया

**हैदराबाद ( एजेंसी )।**



राजस्थान रॉयल्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर आईपीएल इतिहास में सबसे महंगा स्पैल डालने वाले गेंदबाज बन गए। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ गेंदबाजी करते हुए आर्चर काफी महंगे साबित हुए और उन्होंने अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हुए मैच में आर्चर से राजस्थान को काफी उम्मीदें थी, लेकिन वह इस मैच में जलवा नहीं बिखेर सके। आर्चर ने चार ओवर के स्पैल में 76 रन लुटाए और उन्हें एक भी सफलता हासिल नहीं हुई। आर्चर ने इस मामले में मोहित शर्मा को पीछे छोड़ा जिन्होंने पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 73 रन लुटाए थे। राजस्थान ने आर्चर को मेगा नीलामी में 12.50 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन पहले मैच में आर्चर का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा। आर्चर 2021 के बाद पहली बार राजस्थान की जर्सी में खेलने उतरे थे, लेकिन उनके लिए यह पल यादगार नहीं रहा। आर्चर को उनके तीसरे ओवर में ईशान किशन ने तीन छक्के जड़े और उन्होंने उस ओवर में 22 रन लुटाए। आर्चर को फिर पारी के 18वें ओवर में गेंदबाजी के लिए बुलाया गया।

# आरसीबी के पूर्व डायरेक्टर माइक हेसन मानते हैं कि आईपीएल 2025 में 300 का स्कोर जरूर बनेगा

## आकाश चोपड़ा ने स्टार स्पोर्टस के एक शो में कहा कि इस बार 300 रन बनना तय मानिए

**मुंबई ( एजेंसी )।**



आईपीएल 2024 की रिकॉर्ड तोड़ बैटिंग के बाद क्रिकेटप्रेमी यह सवाल पूछ रहे हैं कि क्या इस बार भी आइपीएल में 300 रन का आंकड़ा पार होगा। आरसीबी के पूर्व डायरेक्टर माइक हेसन मानते हैं कि आईपीएल 2025 में 300 का स्कोर जरूर बनेगा। आकाश चोपड़ा ने स्टार स्पोर्टस के एक शो में कहा कि इस बार 300 रन बनना तय मानिए। पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा कि उन्हें लगता है कि आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद एक नहीं, बल्कि 2 बार पावरप्ले में 100 से ज्यादा रन बनाएगी। यह भी संभव है कि एसआरएच 300 से ज्यादा रन का स्कोर भी बना दे। उसके पास ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा के रूप में तूफानी ओपनर पहले से हैं। ईशान किशन का फायरपावर उसे और मजबूत बनाता है। इसके बाद हेनरिक क्लासेन तो हैं ही। एबी डिविलियर्स भी इस शो में आकाश चोपड़ा के साथ थे। उन्होंने भी माना कि इस बार 300 रन बन सकते हैं। हालांकि, उन्होंने इसके लिए किसी टीम पर दांव नहीं लगाया। केकेआर के स्ट्रेटजी कंसलटेंट नाथन लेमन 300 रन के सवाल पर कहते हैं, 'हां, जरूर। हमने पिछले दो साल में बड़े-बड़े स्कोर देखे हैं। हमने पिछले साल 260 से बड़े स्कोर कई बार देखे। कई बार देखा कि पावरप्ले में 100 रन बन गए। स्कोर में तेजी बढ़ती ही जाएगी। काफी कुछ बदल गया है। टीमें नए नियम का फायदा उठाने की तरकीब तलाश रही हैं। एक्स्ट्रा बैटर रखकर टीमें अपनी आक्रामकता बढ़ाती जा रही हैं। इसलिए बड़े स्कोर के लिए तैयार रहिए। बता दें कि नाथन लेमन इंग्लैंड क्रिकेट टीम के लीड एनालिस्ट तब रह चुके हैं, जब उसने वनडे में सबसे बड़ा स्कोर बनाया था।

# आईपीएल 2025 को वसीम जाफर ने ऑरेंज और पर्पल कैप को लेकर कर दी भविष्यवाणी

## ऑरेंज कैप के लिए साई सुदर्शन को, पर्पल कैप के लिए अर्शदीप सिंह को दावेदारबताया

**मुंबई ( एजेंसी )।**

आईपीएल 2025 का आगाज होने को है, इसके पहले पूर्व क्रिकेटरों का टूर्नामेंट को लेकर भविष्यवाणी देने का सिलसिला जारी है। इस कड़ी में टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज और मौजूदा जानकार वसीम जाफर ने सबसे ज्यादा रन और सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को लेकर अपनी भविष्यवाणी की है। जाफर ने इस बार ऑरेंज कैप के लिए साई सुदर्शन को, पर्पल कैप के लिए अर्शदीप सिंह को दावेदार बता दिया है। साई गुजरात जाएंट्स का हिस्सा हैं, वहीं अर्शदीप पंजाब किंग्स के लिए खेल रहे हैं। इस जोड़ी की भिड़ंत 25 मार्च को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगी। गुजरात टाइटंस ने



2024 सीजन के बाद साई सुदर्शन को 8.50 करोड़ रुपये में रिटेन किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने बीते सीजन शानदार प्रदर्शन कर 12 पारियों में 47.91 की औसत और 141.29 की स्ट्राइक रेट से 527 रन बनाए थे। वे जीटी के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले और कुल मिलाकर छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। वहीं अर्शदीप ने भी 2024 सीजन के दौरान अपना बेहतर प्रदर्शन किया था। उन्होंने 14 पारियों में 26.58 की औसत और 10.03 की इकॉनमी रेट से 19 विकेट झटके थे। हालांकि उन्हें सीजन के बाद पीबीकेएस द्वारा रिटेन नहीं किया गया, लेकिन फ्रैंचाइजी ने उन्हें राइट-टू-मैच कार्ड के जरिए 18 करोड़ रुपये में आईपीएल 2025 मेगा नीलामी में अपने स्क्वॉड में फिर शामिल किया। पिछले दो सीजन में ऑरेंज कैप और पर्पल कैप भारतीय खिलाड़ियों ने जीती हैं। 2024 में विराट कोहली और हर्षल पटेल क्रमशः सबसे ज्यादा रन और विकेट लेने वाले खिलाड़ी रहे, जबकि 2023 में शुभमन गिल और मोहम्मद शमी ने इस पहना था।

# भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली ने 2.50 करोड़ रुपये कीमत की घड़ी पहनी

## कोहली ने जो घड़ी पहनी थी, वह रोलेक्स डेटोना ले मैन्स 100वीं वर्षगांठ वाली वॉच थी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

हाल ही में भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली को कोलकाता में आईपीएल 2025 के लिए देखा गया। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की जर्सी पहने हुए शहर में एंट्री करते ही प्रशंसकों ने तुरंत उनकी घड़ी पर ध्यान दिया।



विराट कोहली ने जो घड़ी पहनी थी, वह रोलेक्स डेटोना ले मैन्स 100वीं वर्षगांठ वाली वॉच थी। इसकी कीमत लगभग 2.50 करोड़ रुपये है। इतनी कीमत में दिल्ली में आसानी से लग्जरी अपार्टमेंट खरीदा जा सकता है। विराट कोहली का महंगी घड़ियों का शौक किसी से छुपा नहीं है। इस बार भी उन्होंने सबको अपनी घड़ी से आकर्षित किया। वह हाल ही में आईपीएल 2025 के लिए कोलकाता में थे। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की जर्सी पहनी थी। लोगों ने उनकी शानदार घड़ी को तुरंत नोटिस किया। विराट कोहली ने जो घड़ी पहनी थी, वह रोलेक्स डेटोना थी। यह ले मैन्स की 100वीं वर्षगांठ के मौके पर बनाई गई विशेष घड़ी है। यह घड़ी अपनी सुंदरता और कारीगरी के लिए जानी जाती है। इसमें 18 कैरेट पीले सोने का केस है। इसके साथ ही, इसमें काले रंग का सिरेमिक बेजल भी है। इस घड़ी की कीमत भी इसकी सुंदरता के जैसी ही है। द इंडियन होरोलॉजी के अनुसार, इस घड़ी की खुदरा कीमत 47.59 लाख रुपये है। लेकिन, बाजार में इसकी कीमत 2.50 करोड़ रुपये तक जा सकती है।

# कोहली के पास किसी भी युवा टी20 स्टार की तरह बेहतर स्ट्राइक-रेट से रन बनाने की कला : फिंच

## आरसीबी की टीम का कॉम्बिनेशन ऐसा है कि उन्हें बिना जोखिम के बड़ा स्कोर खड़ा करने पर ध्यान देना होगा

**मुंबई ( एजेंसी )।**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान आरोन फिंच का मानना है कि टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पास किसी भी युवा टी20 स्टार की तरह बेहतर स्ट्राइक-रेट से रन बनाने की कला है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम का कॉम्बिनेशन ऐसा है कि उन्हें बिना जोखिम के बड़ा स्कोर खड़ा करने पर ध्यान देना होगा। फिंच ने कहा कि रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी लगातार अधिक जोखिम भरा क्रिकेट खेल रहे हैं। कोहली हालांकि 2023 में 140 और 2024 में 154.70 के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाकर धीमी बल्लेबाजी करने का मिथक तोड़ने में सफल साबित हुए हैं। फिंच से पूछा गया कि क्या कोहली को आरसीबी को पूरा फायदा दिलाने के लिए अपने खेल में बदलाव करने की जरूरत है। इस पर पूर्व खिलाड़ी ने कहा कि मेरा सवाल यह है कि आप कोहली से सत्र में 700 या 800 रन देखना चाहते हैं या आप उनसे 400 रन से खुश रहने वाले हैं, अगर आप कोहली से अधिक स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की उम्मीद करते हैं तब निरंतरता में कमी आयेगी। फिंच ने कहा, इसलिए मुझे नहीं लगता कि इसमें कोई बहुत बड़ा बदलाव करने की जरूरत है। शायद यह गति को थोड़ा बदलने जैसा है। मुझे उससे बड़ी पारी की उम्मीद होगी। फिंच ने माना कि टीमों के पावरप्ले ओवरों को लेकर खेल में काफी बदलाव आया है, लेकिन हर बल्लेबाज की ताकत अलग है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ उन खिलाड़ियों के बारे में नहीं है जो मैदान पर उतरते ही पहली गेंद से 200 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करने की कोशिश करते है। मुझे लगता है कि एक ही टीम में सात बल्लेबाजों से ऐसा करने के लिए कहना अवास्तविक है। उन्होंने कहा कि मुझे पता है कि पिछले दो सत्रों में खेल एक नए स्तर पर चला गया है।



# युजवेंद्र चहल-धनश्री एलिमनी की रकम भी सोशल मीडिया पर छाई

## तलाक के लिए पत्नी को 4.75 करोड़ रुपए की एलिमनी देनी पड़ी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।**

भारतीय बॉलर युजवेंद्र चहल की जिंदगी में आया तूफान 4.75 करोड़ की एलिमनी के साथ फिलहाल थम गया है। युजवेंद्र चहल को तलाक के लिए पत्नी को 4.75 करोड़ रुपए की एलिमनी देनी पड़ी। युजवेंद्र चहल की खबर के साथ एलिमनी की रकम भी सोशल मीडिया पर छाई रही। कुछ ने कहा कि चहल से सहानुभति जताई तो कुछ ने कहा कि यह क्रिकेटर सस्ते में छूट गया। कई क्रिकेटफैन युजवेंद्र चहल की नेटवर्थ और आईपीएल से कमाई की चर्चा भी करते रहे। युजवेंद्र चहल ने धनश्री वर्मा से दिसंबर 2020 में शादी की थी। यह शादी कामयाब नहीं रही। चहल और धनश्री के रिश्तों में जल्दी ही दरार आ गई। जून 2022 से दोनों अलग रहने लगे।



पिछले दिनों दोनों के तलाक की खबरें आई, जिन पर 20 मार्च को कोर्ट की मुहर लग गई। युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा ने आपसी सहमति (म्यूचुअल डिवोर्स) से तलाक लिया है। इसके तहत चहल ने धनश्री को 4.75 करोड़ रुपए (एलिमनी) देने का वादा किया था, जिसमें से 2.37 करोड़ रुपये दिए जा चुके थे। अब उन्हें बाकी रकम देनी है।

## मध्य स्वर्णिम ब्रीफ

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. लोहिया की जयंती पर किया नमन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वतंत्रता सेनानी एवं समाजवादी चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. लोहिया ने समाजवादी विचारधारा को मजबूती दी और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जनता को जागरूक किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि डॉ. लोहिया का सामाजिक न्याय और समरसता के प्रति समर्पण अतुलनीय है। स्वतंत्र भारत के विकास में उनकी भूमिका हमेशा प्रेरणादायी रहेगी। उन्होंने जन-जन को राष्ट्र निर्माण में भागीदारी के लिए प्रेरित किया और सामाजिक समानता के लिए संघर्ष किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमें डॉ. लोहिया के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में समानता, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय को सशक्त बनाने के लिए कार्य करना चाहिए।

### मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, रुबीना फ्रांसिस और भरत रावत ने जीते रजत पदक

**भोपाल।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2025 में मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए दो रजत पदक अपने नाम किए। प्रदेश के खेल मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने इन उपलब्धियों पर हर्ष व्यक्त करते हुए विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि यह सफलता प्रदेश के पैरा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायक है। मध्यप्रदेश की स्टार पैरा शूटर रुबीना फ्रांसिस ने 10 मीटर एयर पिस्टल वीमेन स्-॥-1 स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। रुबीना अपनी सटीक निशानेबाजी के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। एथलीट भरत रावत ने एफ-33 कैटेगरी की भाला फेंक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता। उनकी इस उपलब्धि ने प्रदेश को गर्व महसूस कराया है। खेल मंत्री सारंग ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह मध्यप्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। हमारे पैरा एथलीटों ने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लगन से किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है और आगे भी उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

### राजधानी यादव समाज के होली मिलन समारोह में शामिल हुई राज्य कृष्णा गौर

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने कहा कि बांके बिहारी से प्रार्थना करती हूं की होली का यह त्यौहार, जितने रंगों से मनाया जाता है वह सारे रंग प्रभु आप सबके जीवन में भर आपके जीवन को आनंद और खुशहाली से समृद्ध करें। होली का यह पावन पर्व हमारी भारतीय आध्यात्मिक संस्कृति और विज्ञान का मिश्रण है। राज्य मंत्री श्रीमती गौर रविवार को राजधानी यादव समाज के भोपाल में आयोजित होली मिलन समारोह संबोधित कर रही थी। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि यादववंशियों के लिए इस पर्व का बहुत महत्व है, क्योंकि हम ब्रज की होली को भगवान कृष्ण से जोड़कर मनाते हैं। ब्रज की होली भगवान श्री कृष्ण के प्रति समर्पण और भक्ति का भाव है। सबके मन में भगवान श्री कृष्ण के प्रति श्रद्धा है, उस श्रद्धा का स्वरूप इस प्रकार के आयोजनों में बड़ी संख्या में समाज की एकजुटता के साथ दिखाई देता है। समाज हमारा एकजुट हो, समाज हमारा मजबूत हो ऐसी अभिलाषा हर किसी की होती है। यादव समाज के लोगों में योग्यता और प्रतिभा कूट-कूट कर भरी हुई है। राज्य मंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि शहर के बीचों-बीच बांके बिहारी और राधा रानी सरकार का यह सुंदर मंदिर और भवन बन रहा है। उन्होंने मंदिर और भवन के निर्माण में बाबू जी पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बाबूलाल गौर के योगदान का भी स्मरण किया। उन्होंने कहा वह भी इस कार्य में पूरी निष्ठा और समर्पण से अपना योगदान देंगी।

### प्रदेश में 5 केन्द्रीय पुस्तकालयों का संचालन

**भोपाल।** प्रदेश में नागरिकों, विशेषकर विद्यार्थियों को अध्ययन सुविधा उपलब्ध कराने के लिये स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 5 केन्द्रीय पुस्तकालयों का संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही भोपाल के जीटीबी कॉम्प्लेक्स में विभाग द्वारा वित्तीय अनुदान से स्वामी विवेकानन्द लाइब्रेरी (पूर्व ब्रिटिश लाइब्रेरी) का संचालन किया जा रहा है। इन पुस्तकालयों में विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों की भी सुविधा दी जा रही है। शासकीय मौलाना आजाद केन्द्रीय पुस्तकालय भोपाल को सेंट्रल लाइब्रेरी के नाम से भी जाना जाता है।

# जल संसाधन के समुचित प्रबंधन से सिंचाई रकबे में निरंतर वृद्धिः तुलसीराम सिलावट

## मोहनपुरा-कुंडालिया को 'सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन' पुरस्कार मिलने पर दी बधाई



**भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में नवीन सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण और जल संसाधन के समुचित प्रबंधन से सिंचाई रकबे में निरंतर वृद्धि हो रही है। हर खेत तक पानी पहुंचाना प्रदेश सरकार का संकल्प है।

मंत्री सिलावट ने कहा कि यह प्रसन्नता और गौरव का विषय है कि राजगढ़ जिले की मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना को जल संसाधनों के कुशल उपयोग, जल संरक्षण और कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए सीबीआईपी (सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पॉवर) अवॉर्ड्स- 2024 में 'सर्वश्रेष्ठ समन्वित जल संसाधन प्रबंधन' (बेस्ट आईडब्ल्यूआरएम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके लिए विभागीय अमला तथा क्षेत्र के किसान बधाई के पात्र हैं।

पुरस्कार नई दिल्ली में सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरीगेशन एंड पॉवर के ज्यूरी सदस्य ए.के. दिनकर, घनश्याम प्रसाद एवं डॉ. एम.के. सिन्हा द्वारा गत दिवस दिया गया है। इसे मुख्य अभियंता एवं परियोजना निदेशक जीपी सिलावट, अधीक्षण यंत्री एवं परियोजना प्रशासक विकास राजोरिया, परियोजना निदेशक शुभंकर बिस्वास ने प्राप्त किया।

मंत्री सिलावट ने कहा कि यह पुरस्कार मध्यप्रदेश की अभिनव जल प्रबंधन प्रणाली और सतत कृषि विकास में योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह सम्मान राज्य सरकार की दूरदर्शी जल प्रबंधन नीतियों और कुशल कार्यान्वयन का परिणाम है। पुरस्कार जल संरक्षण और आधुनिक सिंचाई प्रणालियों के विस्तार को प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने बताया कि मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना की सबसे बड़ी खासियत 'रिजर्वायर से सीधे खेत तक' (रिजर्वायर टू फॉर्म) पानी पहुंचाने की नवीनतम तकनीक है।

इस तकनीक में पारंपरिक नहरों के बजाय प्रेशराइज्ड पाइप लाइन नेटवर्क का उपयोग किया जाता है, जिससे पानी बिना किसी रिसाव और वाष्पीकरण के सीधे खेतों तक पहुँचता है। पाइप लाइन आधारित सिंचाई प्रणाली से जलाशय से निकलने वाला पानी बिना खुली नहरों के सीधे किसानों तक पाइपों के माध्यम से पहुँचाया जाता है, जिससे पानी का अपव्यय न के बराबर होता है।

मंत्री सिलावट ने कहा कि भू-जल स्तर संतुलन, पर्यावरणीय संतुलन, जलभराव, मिट्टी कटाव और जैव विविधता संरक्षण के साथ ही जल प्रबंधन में यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। मोहनपुरा-कुंडालिया सिंचाई परियोजना ने मध्यप्रदेश को जल प्रबंधन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बना दिया है। इस पुरस्कार से यह सिद्ध होता है कि नवीनतम तकनीकों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जल संसाधनों का उपयोग किया जाए, तो जल संरक्षण और सतत कृषि विकास को बढ़ावा दिया जा सकता है।

# अब न्याय में नहीं होगी देरी

## आपराधिक न्याय प्रणाली के डिजिटल एकीकरण की ऐतिहासिक पहल, कार्यशाला संपन्न



**देवास।** मध्यप्रदेश में अपराधिक न्याय व्यवस्था को और अधिक त्वरित, पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने हेतु इस व्यवस्था के सभी स्तंभ- पुलिस, चिकित्सा, फॉरेंसिक, न्यायालय, अभियोजन एवं जेल के मध्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से सूचनाओं तथा दस्तावेजों के पेपरलेस आदान-प्रदान हेतु एक ऐतिहासिक पहल की गई है।

इस परिवर्तनकारी कदम के तहत पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश कैलाश मकवाना द्वारा देवास जिले को पायलेट डिस्ट्रीक्ट के रूप में चयनित किया गया है, जहाँ अपराधिक न्याय व्यवस्था से जुड़े समस्त स्तंभ—पुलिस, अभियोजन, न्यायपालिका, फोरेंसिक, चिकित्सा एवं जेल विभाग—एकीकृत डिजिटल प्रणाली से आपस में जुड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि 1 जुलाई 2024 से प्रवर्तनीय नवीन क़ानून का मुख्य जोर अपराध पंजीकरण से लेकर न्यायालयीन निर्णय तक की प्रक्रिया को समयबद्धता प्रदान करना है, इसी परिप्रेक्ष्य में एफआईआर से लेकर अंतिम निर्णय तक के मार्ग में आने वाली समस्त प्रक्रियाओं को एवं समस्त संबद्ध विभागों को एकीकृत डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से जोड़े जाने हेतु यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिसका मूल उद्देश्य आम जनता को त्वरित न्याय प्रदायगी होगा।

उक्त कार्यशाला मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, खंडपीठ इंदौर के माननीय न्यायमूर्ति संजीव एस. कालगाँवकर एवं एडीजी एससीआरबी मध्यप्रदेश चंचल शेखर (IPS) के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इस डिजिटल पहल के अंतर्गत, विवेचना, वारंट, समंस, एमएलसी, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल जांच, न्यायालयीय कार्यवाही एवं अभियोजन की जानकारियों का आदान-प्रदान एक ही प्लेटफॉर्म पर संभव होगा। पायलट प्रोजेक्ट के तहत देवास प्रदेश का पहला ऐसा जिला होगा, जहाँ अधिकतम विवेचकों को टेबलेट प्रदान किए जाएंगे, जिससे उनकी कार्यप्रणाली अधिक सुदृढ़, पारदर्शी एवं दक्ष बनेगी।

उल्लेखनीय है कि अंतर विभागीय डिजिटल एकीकरण की उक्त व्यवस्था के कुछ अहम पहलू जैसे ई- समन एवं वारंट, बेल एप्लीकेशन मोड्यूल, मेड-ले-पार आदि को जिला देवास में पहले से ही सुचारू रूप से क्रियान्वित किया जा रहा है।

# स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम ने भोपाल के पुराने शहर में देखी सफाई व्यवस्था, कई जगह मिले कचरे के ढेर

**भोपाल।** स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम बीते तीन दिनों से राजधानी भोपाल में निरीक्षण कर रही है। टीम सुबह से शाम तक शहर के एक-एक वार्ड में जाकर सफाई व्यवस्था का जायजा ले रही है। रविवार को टीम जोन 11 के अप्सरा टाकीज स्थित सुलभ शौचालय पहुंची और वहां फोटो लेकर पोर्टल पर अपलोड किए।

टीम ने आसपास के लोगों से भी फीडबैक लिया। वहीं जोन 12 के इलाकों में निरीक्षण के दौरान टीम को कई स्थानों पर कचरे के ढेर मिले, जबकि बैरागढ़ की मुख्य सड़कें साफ मिली।जोन 13 और 14 में टीम ने फोटो लिए और सफाई की स्थिति का आंकलन किया। गौरतलब है कि भोपाल नगर निगम द्वारा दिल्ली भेजे गए फोटो का मिलान अब जमीन पर किया जा रहा है। निगम ने दावा किया था कि सर्वे टीम के आने से पहले सफाई व्यवस्था को पूरी तरह से सुधार लिया जाएगा। इसके लिए 21 जोनों में निगरानी बढ़ाई गई है। सुलभ शौचालय, पार्क, नाला-नालियां, फुटपाथ, बाजार, यलो स्पाट, बस स्टाप और अन्य सार्वजनिक स्थान हालांकि पहले की तुलना में कहीं ज्यादा साफ दिख रहे हैं।

### निगमायुक्त सभी जोनों से ले रहे फीडबैक

*निगमायुक्त हरेंद्र नारायन लगातार सभी जोनों के एएचओ से फीडबैक ले रहे हैं, लेकिन अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान और सहायक आयुक्त कीर्ति चौहान फील्ड में अब तक सक्रिय नहीं दिखे हैं। चूंकि शहर की सफाई पूरी तरह स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों पर निर्भर है। निगम की कोशिश है कि स्वच्छ सर्वेक्षण टीम के सामने गंदगी न दिखे, जिससे शहर को अच्छे अंक मिल सकें।*

# झाबुआ में निर्माणाधीन इमारत ढही, दो मजदूरों की मौत तीन घायल, छत की ढलाई करते समय हुआ हादसा

**झाबुआ।** झाबुआ से करीब 60 किलोमीटर दूर तेहसिल पेटलावद में रविवाद दोपहर एक निर्माणाधीन इमारत की छत भरते समय अचानक ढह गई। हादसे में पांच मजदूर मलबे में दब गए। हादसे में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन को गंभीर चोटें आई हैं। घायलों को शासकीय सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इनका इलाज किया जा रहा है।

पेटलावद के थांदला रोड स्थित एक निजी भवन का निर्माण कार्य जारी था। मजदूर छत की ढलाई का कार्य कर रहे थे तभी अचानक दोपहर 1:45 के करीब छत भरभरा कर गिर गई।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, करीब 40-50 मजदूर वहां काम कर रहे थे। जैसे ही हादसा हुआ, मौके पर अफरा-तफरी मच गई। कई मजदूरों को तुरंत सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, लेकिन पांच मजदूर छत के नीचे दब गए।

घटना की सूचना मिलते ही प्रशासनिक और पुलिस अमला तत्काल मौके पर पहुंचा। पेटलावद थाना प्रभारी, नगर पंचायत अध्यक्ष और अन्य अधिकारी राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। करीब 4-5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मलबा हटाया गया और मजदूरों को बाहर निकाला गया। घायलों को तुरंत पेटलावद सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दो मजदूरों को मृत घोषित कर दिया, जबकि तीन घायलों का इलाज जारी है।

पेटलावद एसडीएम तनुश्री मीणा स्वयं मौके पर मौजूद रहीं और बचाव कार्य की निगरानी करती रहीं। प्रशासन की तत्परता से समय रहते राहत अभियान पूरा किया गया। इस हादसे के बाद स्थानीय प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। प्रारंभिक तौर पर भवन निर्माण में लापरवाही की आशंका जताई जा रही है।

# इंदौर की सरस्वती नदी में चलेगी नाव, घाटों को नगर निगम ने संवारा

**इंदौर।** कान्ह-सरस्वती नदी में वर्षों से नाव चलाने की घोषणा इंदौर नगर निगम करता आ रहा है, लेकिन नदी में इतनी गंदगी रहती है कि नाव संचालन संभव नहीं हो पाता। 30 साल पहले कृष्णपुरा छत्री पर कुछ महीनों के लिए नाव का संचालन हुआ था, लेकिन नदी में फिर गंदा पानी आने के बाद उसे बंद करना पड़ा। अब मेयर पुष्य मित्र भार्गव ने इंदौर के अमितेश नगर वाले हिस्से में नाव चलाने की घोषणा की है।

मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने रविवार को इंदौर की प्रमुख नदियों और घाटों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि शहर के जल स्रोत नदी, तालाब, कुएं, बावड़ी का संरक्षण और सफाई करना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। घाटों को सुंदर बनाना, सीवरेज-ड्रेनेज के



पानी को नदी में जाने से रोकना और गाद निकालने का कार्य नगर निगम की प्राथमिकताओं में शामिल है।

उन्होंने कहा कि अमितेश नगर स्थित सरस्वती नदी में नाव चलाने की योजना बनाई गई है। यहां पानी साफ है। गणगौर घाट और कृष्णपुरा घाट का नया स्वरूप तैयार किया जाएगा। गणगौर घाट से 50 से ज्यादा डंपर गाद के निकाले गए हैं। पुराने घाटों को संवारकर यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव की घोषणा के अनुसार शहर के तीन घाटों को छठ पूजा के हिसाब से तैयार किया जाएगा। इसके अलावा शहर की 100 बावड़ियां की सफाई की जाएगी।

### 15 साल पहले भी चली थी नाव

बता दें, पूर्व महापौर उमाशशि शर्मा के कार्यकाल में भी 15 साल पहले पिपलियापाल के समीप नहर भंडारा क्षेत्र में नाव चली थी। उस हिस्से को नगर निगम ने साफ किया था, लेकिन कुछ दिनों बाद नाव संचालन बंद करना पड़ा था।

# 31 मार्च तक नहीं चुकाया संपत्ति कर तो अदा करना होगी दोगुनी राशि




**भोपाल।** भोपाल नगर निगम द्वारा करदाताओं के स्वयं के आवासीय उपयोग वाली संपत्तियों के संपत्तिकर में 50 प्रतिशत की रियायत दी जाती है। यह रियायत चालू वित्तीय वर्ष में संपत्तिकर का भुगतान करने वालों को ही देने का प्रावधान है। चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 की अवधि समाप्त होने के बाद यह रियायत नहीं दी जाएगी और अगले वित्तीय वर्ष अप्रैल से शत प्रतिशत वार्षिक भाड़ा मूल्य के आधार पर संपत्तिकर की गणना कर संपत्तिकर का निर्धारण किया जाएगा। इस तरह करदाताओं को वर्तमान संपत्ति कर राशि से दोगुनी राशि चुकाना पड़ेगी।

भोपाल नगर निगम प्रशासन ने करदाताओं से अपील की है कि वे अपने स्वयं के आवासीय उपयोग वाली संपत्तियों का चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 का संपत्तिकर 31 मार्च 2025 तक जमा करें, अन्यथा उन्हें मिलने वाली 50 प्रतिशत की रियायत भी नहीं दी जाएगी और दोगुनी राशि का भुगतान करना होगा। निगम प्रशासन ने करदाताओं से अपील की कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 का संपत्तिकर 31 मार्च 2025 तक अनिवार्य रूप से जमा करें और इसके बाद दोगुनी राशि चुकाने से बचें।

### अवकाश के दिनों में खुले रहेंगे कार्यालय

करदाताओं की सुविधा के दृष्टिगत भोपाल नगर निगम के सभी जोन एवं वार्ड कार्यालय रविवार सहित अन्य अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे। जहां संपत्तिकर सहित अन्य करों/शुल्कों की राशि जमा की जा सकेगी। इसके अलावा नागरिक करों का भुगतान अपनी सुविधा के अनुसार ऑनलाइन भी कर सकते हैं।

# आदर्श रघुवंशी समाज समिति भोपाल-मंडीदीप 'मूलतः जिला बैतूल रघुवंशी समाज संगठन' द्वारा भव्य वार्षिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**भोपाल।** आदर्श रघुवंशी समाज समिति भोपाल-मंडीदीप (मूलत: जिला बैतूल रघुवंशी समाज संगठन) द्वारा भव्य वार्षिक मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें सुजीत रघुवंशी बताया कि समिति द्वारा पिछले तीन वर्षो से वार्षिक होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है उसी तारतम्य में इस वर्ष भी दिनांक 23/03/2025 को भव्य वार्षिक मिलन समारोह रायल पैलेस गार्डन होशंगाबाद रोड में आयोजित किया गया।

जिसमें जिला बैतूल के रघुवंशी समाज के आदरणीय अध्यक्ष महोदय कोमल सिंह रघुवंशी मुख्य अतिथि के रूप में एवं नारायण सिंह नगदे (अध्यक्ष शिक्षक संघ म.प्र.), रेखन सिंह रघुवंशी (रिटायर्ड एएसआई) (अध्यक्ष जिला नाटक मंडल), रामकिशोर चौधरी ,बीरबल सिंह रघुवंशी (भूतपूर्व जिला रघुवंशी समाज अध्यक्ष), नारायण सिंह रघुवंशी (बीजेपी) नेता, रामा रघुवंशी (रिटायर्ड शिक्षक), रामेश्वर सिंह रघुवंशी अयोध्या समिति सदस्य तथा जिला भोपाल-रायसेन में उपस्थित समस्त जिला बैतूल के निवासरत सम्मानीय की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के प्रथम चरण में आदर्श रघुवंशी समाज समिति भोपाल-मंडीदीप के



अध्यक्ष महोदय आधार सिंह रघुवंशी(रिटायर्ड कैप्टन) एवं समिति के समस्त पदाधिकाररियो व कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सम्मानिय सदस्यो के द्वारा दीप प्रज्वलित कर भगवान रामचन्द्र की आरती वंदना की गई तत्पश्चात समस्त उपस्थित अतिथियो का तिलक लगाकर एवं पुष्पमालाओ से समिति के सद्स्यो के द्वारा स्वागत किया गया जिसके पश्चात कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। कार्यक्रम में महिलाओ के विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये एवं 7 वर्ष से 15 वर्षो के बच्चो द्वारा विभिन्न रंगारंग सास्कृतिक नाटक, डांस कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।

पिछले वर्ष सामाजिक बच्चो के द्वारा बोर्ड परीक्षाओ में 85 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किये गये तथा देश-प्रदेश स्तरीय विभिन्न परीक्षाओ में बच्चो के द्वारा सफलता प्राप्त की गई थी। वे सभी बच्चो को उपस्थित सम्मानीय अतिथियो एवं वरिष्ठ लोगो के द्वारा शील्ड देकर सम्मानित किया गया। एवं हमारी समाज के सरकारी एवं प्रवित विभाग के रिटायर्ड कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

जिसके बाद जिला बैतूल के निवासरत समस्त सामाजिक बंधुगण (लगभग 180 परिवारो) का आदर्श रघुवंशी समाज समिति के द्वारा सम्पूर्ण डाटा एकत्रित कर सामाजिक पत्रिका तैयार कराई गई है जिसका विमोचन उपस्थित सम्मानीय अतिथियो एवं वरिष्ठो के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतिम दौर में आदर्श रघुवंशी समाज समिति भोपाल-मंडीदीप (मूलत: जिला बैतूल रघुवंशी समाज संगठन) के सम्मानीय अध्यक्ष महोदय के द्वारा समिति के द्वारा वार्षिक कार्यक्रम आयोजित करने एवं विभिन्न कार्यक्रम के लिये सभी अतिथियो के सम्मान में एवं समाज के विकास में आगामी समय में किये जाने वाले प्रयासो (कार्यो)का अभिभाषण प्रस्तुत किया गया।